RSMSSB

॥ अभ्युत्थानम् ॥

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# राजस्थान CET 2024

## सीनियर सैकण्डरी स्तर

## समान पात्रता परीक्षा

**10 मॉडल टेस्ट पेपर्स**

**10 OMR शीट सहित**

1. परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
2. नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन
3. विगत वर्ष के प्रश्नपत्रो के विश्लेषण पर आधारित प्रश्न



मॉडल पेपर्स का व्याख्यात्मक हल
लक्ष्य क्लासेज के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

YouTube

MRP: ₹220


सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज™

M. 6376957258, 6376491126

Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)



**श्री आनंद अग्रवाल**
निदेशक
लक्ष्य क्लासेज, उदयपुर

# दो शब्द...

प्रिय विद्यार्थियों..........

आपके समक्ष राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) द्वारा आयोजित राजस्थान समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर) की मॉडल पेपर पुस्तक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस पुस्तक में राजस्थान CET परीक्षा के सम्पूर्ण नवीनतम पाठ्यसामग्री पर आधारित मॉडल टेस्ट पेपर्स दिए गए हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों की आगामी परीक्षा की तैयारी को मजबूत बनाने और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से लिखी गई है।

यह Model Test पेपर्स पूर्णतः परीक्षा पैटर्न पर आधारित है, जिसके तहत राजस्थान का इतिहास एवं कला एवं संस्कृति, भारत एवं राजस्थान का भूगोल, भारत एवं राजस्थान की राजव्यवस्था, राजस्थान की अर्थव्यवस्था, दैनिक विज्ञान, तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता, कम्प्यूटर, समसामयिकी, सामान्य हिन्दी एवं General English से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संकलन किया गया है। इस पुस्तक को विषय विशेषज्ञों ने अपने विशिष्ट अनुभव व कौशल से तैयार किया हैं। आप इस प्रैक्टिस पेपर्स बुकलेट के माध्यम से परीक्षा के पैटर्न को समझ सकते हैं और अपनी तैयारी के लिए एक बेहतर रणनीति तैयार कर सकते हैं।

इस पुस्तक में कुल 10 मॉडल पेपर्स व्याख्यात्मक हल के साथ दिए गए हैं। इसके साथ ही 10 OMR Sheets भी दी गई है जिनके माध्यम से आप परीक्षा पूर्व परीक्षा का बेहतर अभ्यास कर सकते हैं। हम आशा करते हैं कि इस Model Test पेपर्स पुस्तक की सहायता से आप परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर सकें।

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह पुस्तक राजस्थान CET प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभप्रद है।

लक्ष्य परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

आनंद अग्रवाल
निदेशक, लक्ष्य क्लासेज

# विषय - वस्तु


| क्रम संख्या | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 1 | 1 - 22 |
| 2. | मॉडल पेपर - 2 | 23 - 41 |
| 3. | मॉडल पेपर - 3 | 42 - 61 |
| 4. | मॉडल पेपर - 4 | 62 - 79 |
| 5. | मॉडल पेपर - 5 | 80 - 98 |
| 6. | मॉडल पेपर - 6 | 99 - 118 |
| 7. | मॉडल पेपर - 7 | 119 - 136 |
| 8. | मॉडल पेपर - 8 | 137 - 156 |
| 9. | मॉडल पेपर - 9 | 157 - 177 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 178 - 198 |

# मॉडल पेपर - 01

**1. निम्नलिखित में से कौन एक ग्रीन हाउस गैस नहीं है?**
(a) मीथेन (b) नाइट्रोजन
(c) नाइट्रस ऑक्साइड (d) कार्बन डाइऑक्साइड

**2. चन्द्रयान -2 के "लैन्डर" का नाम है-**
(a) परम (b) विजय
(c) विक्रम (d) प्रज्ञान

**3. भारतीय कोविड-19 वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन को संगृहीत करने के लिए आवश्यक ताप परास है-**
(a) 1-5 $^0$C (b) 2 -8 $^0$C
(c) 4 -8 $^0$C (d) 0 -8 $^0$C

**4. बुलेट प्रूफ जैकेट बनाने में सर्वाधिक सामान्यत: प्रयुक्त किए जाने वाला पदार्थ है-**
(a) कोलतार (b) केवेलर
(c) फुलरीन (d) फॉर्मेलिन

**5. 'पूसा सिंधु गंगा' किस फसल की एक किस्म है?**
(a) धान (b) मसूर
(c) चना (d) गेहूँ

**6. पहाड़ पर चढ़ता हुआ व्यक्ति आगे की ओर क्यों झुक जाता है?**
(a) थकान के कारण
(b) वेग अधिक करने के लिए
(c) स्थायित्व बढ़ाने के लिए
(d) धार्मिक मान्यताओं के कारण

**7. मानव शरीर में ग्लूकोज इस रूप में संगृहीत होता है-**
(a) स्टार्च (b) ग्लाइकोजन
(c) फ्रूक्टोज (d) माल्टोज

**8. निम्नलिखित में से कौन-सी सब्जी मूल (जड़) नहीं है?**
(a) आलू (b) गाजर
(c) मूली (d) शलजम

**9. विद्युत प्रतिरोध की इकाई होती है-**
(a) एम्पीयर (b) वोल्ट
(c) कूलॉम्ब (d) ओम

**10. निम्न में से कौन-सा रसायन एलर्जी क्रिया के दौरान मुक्त होता है?**
(a) हैप्टेन (b) हिस्टामिन
(c) हिपेरिन (d) गंधक का अम्ल ($H_2SO_4$)

**11. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना कब हुई?**
(a) 1 अगस्त, 1969 (b) 10 अगस्त, 1966
(c) 12 अगस्त, 1969 (d) 15 अगस्त, 1969

**12. डी.एन.ए. फिंगरप्रिन्टिंग की तकनीक किसके द्वारा विकसित की गई थी?**
(a) एलैक जैफरी एवं सहयोगी
(b) लालजी सिंह एवं सहयोगी
(c) ई.एम. सदर्न एवं सहयोगी
(d) बी. वालेस एवं सहयोगी

**13. निम्न में से कौन-सा हिमनरक्षी (Cryoprotectant) की तरह उपयोग में नहीं आता है?**
(a) सुक्रोज (b) डी.एम.एस.ओ.
(c) ग्लिसरॉल (d) सोडियम हाइपो-क्लोराइड

**14. निम्न में से कौन-सी तरंग सामान्य टी.वी. के रिमोट कन्ट्रोल के द्वारा उपयोग में ली जाती है?**
(a) रेडियों तरंगें
(b) पराबैंगनी तरंगें
(c) अवरक्त तरंगें
(d) अल्ट्रासोनिक तरंगें

**15. अपने उड़ान पथ में अवरोधकों की पहचान करने के लिए चमगादड़ निम्नलिखित तरंगों में से कौन-सी एक का उपयोग करते हैं?**
(a) अवरक्त तरंगें (b) रेडियों तरंगें
(c) पराश्रव्य तरंगें (d) सूक्ष्म तरंगें

**16. कौन-सी फंगस 'ब्लैक फंगस रोग' का कारण है?**
(a) म्यूकर (b) लाईकोपोडियम
(c) पेनिसिलियम (d) लेप्टोस्पाईरा

**17. निम्नलिखित तत्वों के कौन-से समूह में उनके सबसे बाह्यतम् कक्ष में क्रमशः 4, 5 और 6 इलेक्ट्रॉन होते हैं?**
(a) C, Si, Cl (b) B, C, N
(c) O, F, C (d) Si, N, S

**18. कौन-सा वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता वर्ष घोषित किया गया था?**
(a) 2002 (b) 2010
(c) 2016 (d) 1972

**19. निम्नलिखित में से किस पारिस्थितिकी तंत्र में जैव भार का प्रतिलोम पिरामिड देखा जा सकता है?**
(a) वन (b) घास-स्थल
(c) तालाब (d) रेगिस्तान

**20. मोबाइल संचार की 4G तकनीक में 'G' अक्षर निम्नलिखित में से किस शब्द हेतु प्रयुक्त किया गया है -**
(a) ग्रेड (grade)
(b) ग्रुप (group)
(c) ग्लोबल (global)
(d) जनरेशन (generation)

**21. मानव शरीर में कौन-सा अमीनो अम्ल नियासिन में परिवर्तित होता है -**
(a) टाइरोसिन (b) वेलीन
(c) ट्रिप्टोफैन (d) फ़िनाइल ऐलानीन

**22. गलग्रंथि (थाइराइड) का क्या कार्य है?**
(a) रक्तचाप को नियंत्रित करना
(b) प्रजनन प्रणाली नियंत्रित करना
(c) उपापचय का नियंत्रण
(d) रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना

**23. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कम्प्यूटर की विशेषताओं की सही व्याख्या नहीं करता है?**
(a) कम्प्यूटर एक स्वचालित मशीन है जो अपना कार्य स्वयं निर्धारित कर उसे पूर्ण कर देता है।
(b) कम्प्यूटर अपना सम्पूर्ण कार्य बिना किसी त्रुटि के पूर्ण करता है।
(c) कम्प्यूटर के परिणामों में त्रुटि मानवीय त्रुटियों से ही संभव है।
(d) कम्प्यूटर की भण्डारण की शक्ति को आवश्यकता अनुसार बढ़ाया एवं घटाया जा सकता है।

**24. सही विकल्प बताइए-**

| युक्ति | मापन इकाई |
|---|---|
| A. प्रोसेसर | i. बाइट्स |
| B. भंडारण | ii. हर्ट्ज |
| C. सुपर कम्प्यूटर | iii. फ्लॉप्स |

**कूट:-**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | i | ii | iii |
| (b) | ii | i | iii |
| (c) | iii | ii | i |
| (d) | i | iii | ii |

**25. QR Code है-**
(a) Quick Ratio Code
(b) Quick Review Code
(c) Quick Response Code
(d) Quick Receiver Code

**26. यूनिक्स ऑपरेटिंग सिस्टम है-**
(a) मल्टीयूजर (b) रियल टाइम प्रोसेसिंग
(c) सिंगल यूजर (d) सिंगल टास्किंग

**27. कम्प्यूटर सिस्टम का वह भाग जिसे कोई छू नहीं सकता-**
(a) प्रिंटर
(b) माउस
(c) सॉफ्टवेयर
(d) मॉनिटर

**28. Windows में स्टार्ट बटन के बारे में सत्य कथन है-**
**(I) एप्लीकेशन को लॉन्च करने में**
**(II) डिवाइस सेटिंग**
(a) केवल I (b) केवल II
(c) I और II दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29. Windows की डिस्प्ले को बड़ा करने के लिए कौन-सा बटन यूज किया जाता है?**
(a) स्क्रॉल बॉक्स (b) डाउन साइज
(c) मिनिमाइज (d) मेक्सीमाइज

**30. MS Word में कितने Text एलाइनमेंट होते है?**
(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 5

**31. Formating Toolbar में सबसे छोटा Font size कितना होता है?**
(a) 4 (b) 8
(c) 10 (d) 12

**32. Bullets और Numbering Tools का उपयोग किसके लिए किया जाता है?**
(a) लिस्ट बनाने के लिए (b) पेज नंबर देने के लिए
(c) ड्रॉइंग करने के लिए (d) फाइल रिनेम करने के लिए

**33. Synonym of 'Immortal' is:**
(a) Deathless (b) Arrogant
(c) Sorrow (d) All the above

**34. Antonym of 'Compel' is:**
(a) Partial (b) Dismiss
(c) Persuade (d) Actual

**35. Find out the error in given sentence.**
**He worked very hard (A)/still he couldn't (B)/ pass the examination (C)/ no error (D).**
(a) He worked very hard
(b) Still he couldn't
(c) Pass the examination
(d) No error

**36. Changes the following sentence into direct/indirect speech.**
**He said to Nitu, "When I went out, he was washing the dishes."**
(a) He told Nitu that when he went out.
(b) He asked Nitu that when I went out, I was washing the dishes.
(c) He said to Nitu, "When she went out, he was washing the dishes."
(d) Nitu told him that he washed the dishes.

**37. What do you wish? Change into the passive voice.**
(a) What is wished by you?
(b) What are wished by you?
(c) What is wish by you?
(d) What you wished?

**38. Something kept as a reminder of an event. Choose appropriate one-word of a given statement.**
(a) Biography (b) Award
(c) Souvenir (d) Prize

**39. Fill in the blank. Look at what he _____ .**
(a) Did
(b) Had done
(c) Is doing
(d) Was doing

**Direction (40-41): Read the following passage and answer the questions that follow.**

The capitalist system of society does not foster healthy relations among human beings. A few people own all the means of production and others-though nominally few have to sell their labour under conditions imposed upon them. The emphasis of capitalism being on the supreme importance of material wealth the intensity of its appeal is to the acquisitive intensity. It promotes worship of economic power with little regard to the means employed for its acquisition and the end that it serves. By its exploitation of human beings to the limits of endurance its concentration is on the largest profit rather than maximum production.

Thus, the division of human family is done on the basis of economic circumstance. This is injurious to division of human dignity. And when the harrowed poor turn to the founders of religion for succor, they rather offer a subtle defence for the established order. They promise future happiness for their present suffering and conjure up visions of paradise to redress the balance to soothe the suffering and the revolt of the tortured men. The system imposes injustice, the religion justifies it.

**40. The established order is supported by religion to -**

(a) alleviate the suffering of the poor in the capitalist system.

(b) perpetuate the injustice imposed by the capitalist system.

(c) balance the suffering of the poor with hopes of future rewards.

(d) help the tortured men to seek redress.

**41. In a capitalist system -**

(a) the means justify the ends.

(b) the ends justify the means.

(c) the means endorsed by religion are strictly followed.

(d) means which lead to exploitation are strictly prohibited.

**42. Which of the following is NOT a common reason for writing a demi-official letter?**

(a) Making a complaint

(b) Seeking clarification on a work-related matter

(c) Expressing gratitude

(d) Issuing a warning to a subordinate

**43. "ऐक्यात्म" शब्द का सही संधि विच्छेद व संधि का नाम किस विकल्प में है?**

(a) एक्य + आत्म (गुण संधि)

(b) ऐक्या + अत्म (यण् संधि)

(c) ऐक्य + आत्म (दीर्घ संधि)

(d) एक्या + आत्म (वृद्धि संधि)

**44. 'अनभ्यस्त' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-**

(a) अन् , अभि (b) अन्, भि

(c) अना, अ (d) अनभ् + अ

**45. निम्न में से 'सौम्य' का विलोम शब्द होगा-**

(a) दूषण (b) गौण

(c) दुरात्मा (d) भीषण

**46. निम्न में से 'कंज' का अनेकार्थक शब्द है-**

(a) अमृत (b) विश्व

(c) घड़ा (d) चतुर

**47. राम, गंगा, पटना, आम एवं रामायण निम्नलिखित में से किस संज्ञा के उदाहरण हैं?**

(a) जातिवाचक संज्ञा

(b) गुणवाचक संज्ञा

(c) भाववाचक संज्ञा

(d) व्यक्तिवाचक संज्ञा

**48. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए-**

(a) आधीन (b) विरहणी

(c) उन्नतशील (d) गोवर्धन

**49. "खिड़की के पास बैठने की जगह" वाक्यांश के लिए समुचित एक शब्द होगा-**

(a) दरीचा (b) थपड़ी

(c) दित्सा (d) दुर्भगा

**50. "तिनके की ओट में पहाड़" लोकोक्ति का सटीक अर्थ निम्न विकल्पों में से होगा-**

(a) कुछ चीजें ठान लेने पर पूरी करनी ही होती हैं।

(b) वातावरण के अनुसार निर्णय लेना।

(c) छोटी-सी चीज के पीछे बड़े रहस्य का छिपा होना।

(d) सबसे अलग स्थिति।

**51. किस विकल्प में हिंदी पारिभाषिक शब्द का सही प्रयोग हुआ है?**

(a) Appeasement = तुष्टीकरण

(b) Judicious = विधिसम्मत

(c) Arbitrary = उचित

(d) accountability = लेखा संबंधी


**52. कार्यालयीय पत्र में निम्नलिखित में से क्या नहीं लिखा जाता है?**
(a) स्वनिर्देश – भवदीय
(b) संदर्भ
(c) संबोधन – महोदय/मान्यवर
(d) पत्र भेजने वाले अधिकारी के घर का नाम-पता

**53. यदि cot θ = $\sqrt{3}$ हो तो $\frac{\sin\theta + \cos\theta}{\cos\theta - \sin\theta}$ का मान क्या होगा?**
(a) $1+\sqrt{3}$ (b) $\sqrt{2}-\sqrt{3}$
(c) $\frac{\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1}$ (d) $2+\sqrt{3}$

**54. 150 मीटर ऊँचे एक स्तम्भ के शिखर से किसी नाव का अवनमन कोण 45° है। नाव की स्तम्भ से दूरी ज्ञात कीजिए?**
(a) 100 मीटर (b) $100\sqrt{5}$ मी.
(c) $100\sqrt{3}$ मी. (d) 150 मी.

**55. एक समूह के 10 मूल्यों का माध्य 6 है। यदि इनमें से 4 मूल्यों का माध्य 7.5 हो, तो शेष मूल्यों का माध्य होगा-**
(a) 4.5 (b) 5
(c) 5.5 (d) 6.5

**निर्देश (56-57):**
**निम्नलिखित ग्राफ का अध्ययन कीजिये और उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
**वर्षों में तीन कंपनियों का व्यय (करोड़ रुपये में)।**




**56. कंपनी A का कुल व्यय, कंपनी B के कुल व्यय से कितने प्रतिशत (लगभग) कम है?**
(a) 19% (b) 16%
(c) 17% (d) 18%

**57. प्रत्येक वर्ष में सभी तीनों कंपनियों द्वारा मिलाकर किया गया लगभग औसत व्यय (करोड़ों में) क्या है?**
(a) 232.85 (b) 275.62
(c) 273 (d) 277


**58. यदि वृत्त की त्रिज्या में 50% की कमी की जाए, तो इसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की कमी होगी?**
(a) 50% (b) 75%
(c) 125% (d) कोई परिवर्तन नहीं

**59. किसी गोल पहिए की त्रिज्या 1.75 मीटर है। 11 किमी० की दूरी तय करने में इसके द्वारा लगाए जाने वाले चक्करों की संख्या होगी।**
(a) 1000 (b) 10,000
(c) 100 (d) 10

**60. y–अक्ष पर एक बिन्दु जिसकी बिन्दु (4,2) से दूरी 5 है निम्नलिखित में कौन है-**
(a) (–1, 10) (b) (0, –1)
(c) (0, –5) (d) (8, 5)

**61. log7 log7 $\sqrt{7\sqrt{7\sqrt{7}}}$ का मान किसके बराबर है?**
(a) 3 log2 7 (b) 1-3 log2 7
(c) 1-3 log7 2 (d) 7/8

**62. दी गई आकृति में ABCD एक समचतुर्भुज है तथा BCE एक समद्विबाहु त्रिभुज है। जिसमें BC = CE, ∠CBE = 84° तथा ∠ADC = 78° है, तो ∠DEC का मान (डिग्री में) क्या है?**




(a) 26° (b) 33°
(c) 36° (d) 57°

**63. यदि एक द्विघात समीकरण के मूलों का योग 1 है और मूलों का गुणनफल -20 है, तो उस द्विघात समीकरण को ज्ञात करो।**
(a) x2 – x – 20 = 0 (b) x2 + x + 20 = 0
(c) x2 + x – 20 = 0 (d) x2 – x + 20 = 0

**64. 3(x + y) - 4 (x + y) + 7 (x + y) के गुणनखंड होंगे –**
(a) 14 (x + y) (b) 6 (x + y)
(c) 15 (x - y) (d) 20 (x - y)

**65. यदि 378 सिक्के एक रुपये, 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्कों के रूप में हैं तथा इनके मान 13 : 11 : 7, के अनुपात में हैं, तो 50 पैसे सिक्कों की संख्या होगी ?**
(a) 132 (b) 128
(c) 136 (d) 133

**66. ₹ 4000 की मूल राशि 5 साल के लिए 15% वार्षिक दर पर उधार दी जाती है। साधारण ब्याज ज्ञात करें?**
(a) ₹ 3000 (b) ₹ 2000
(c) ₹ 1000 (d) ₹ 2500

**67. 10% की वार्षिक दर पर 3 वर्षों के लिए एक निश्चित धनराशि पर साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज का अन्तर ₹ 15.50 है तो वह धनराशि है-**
(a) ₹ 5,000 (b) ₹ 550
(c) ₹ 5,500 (d) ₹ 500

**68. एक आयताकार प्लॉट की लम्बाई और चौड़ाई का अनुपात क्रमशः 4 : 3 है। प्लॉट का परिमाप 70 मीटर है। प्लॉट की लम्बाई कितने मीटर है?**
(a) 20 मीटर (b) 12 मीटर
(c) 16 मीटर (d) 15 मीटर

**69. शृंखला को पूरा करने के लिए उपयुक्त उत्तर का चयन करें-**
**p _ r s _ q _ s p _ r _ _ q r _**
(a) qppqsrs (b) qprqsps
(c) psqrpqr (d) qrpsqsp



**70. अजय 7 किमी. उत्तर की ओर चलता है। फिर अपने बाईं ओर मुड़ जाता है और 9 किमी. चलता है, दुबारा वह अपने बाईं ओर मुड़ जाता है और 7 किमी. चलता है, तो बताओ अजय आरंभिक बिंदु से कितनी दूर है?**
(a) 7 किमी. (b) 9 किमी.
(c) 6 किमी. (d) 10 किमी.

**71. दिए गए प्रश्न में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए–**

| | | |
|---|---|---|
| 40 | 41 | 37 |
| 24 | 65 | 97 |
| 10 | ? | 26 |

(a) 12 (b) 16
(c) 18 (d) 19

**72. दिए गए विकल्पों में से असंगत शब्द को चुनिए–**
(a) साबरमती (b) माही
(c) जाखम (d) गोदावरी

**73. दी गई कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?**
**प्रश्न–आकृति**

**उत्तर–आकृतियाँ**

**(a) (b) (c) (d)**

**74. यदि '+' का अर्थ '÷', '×' का अर्थ '–' और '÷' का अर्थ '×' हो तो 81 + 3 × 6 ÷ 15 + 3 का मान क्या होगा?**
(a) 4 (b) -5
(c) –3 (d) 9

**निर्देश (75-76)**
**नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन कथन दिए गए हैं जिनका अनुसरण दो निष्कर्षों I और II द्वारा किया गया है। ज्ञात तथ्यों से भिन्न होने पर भी आपको कथन को सत्य मानना है। सभी निष्कर्षों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और निर्धारित कीजिए कि कौन-सा निष्कर्ष ज्ञात तथ्यों से भिन्न होने पर भी कथन का कारणपूर्ण रूप से अनुसरण करता है।**
(a) कोई अनुसरण नहीं करता है।
(b) केवल I अनुसरण करता है।
(c) या तो I या II अनुसरण करता है।
(d) केवल II अनुसरण करता है।

**75. कथन-**
**सभी रिव्यू ऑब्जर्वेशन हैं।**
**सभी कमेंट रिव्यू हैं।**
**निष्कर्ष-**
**I. सभी ऑब्जर्वेशन कमेंट हैं।**
**II. कोई ऑब्जर्वेशन कमेंट नहीं है।**

**76. कथन-**
**कोई माउंटेन क्लिफ नहीं है।**
**कुछ क्लिफ रॉक हैं।**
**निष्कर्ष-**
**I. कोई माउंटेन रॉक नहीं है।**
**II. सभी रॉक कभी माउंटेन नहीं हो सकते।**

**77. हुरड़ा सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी?**
(a) संग्राम सिंह द्वितीय (b) जगत सिंह द्वितीय
(c) महाराणा अरि सिंह (d) महाराणा भीम सिंह

**78. जोधपुर के निकट ओसियाँ में मंदिरों का निर्माण करवाया गया-**
(a) राठौड़ों द्वारा (b) प्रतिहारों द्वारा
(c) कच्छवाहों द्वारा (d) चौहानों द्वारा

**79. किस हत्याकाण्ड को गाँधीजी ने 'दोहरी डायरशाही' की संज्ञा दी?**
(a) नीमड़ा (b) नीमूचणा
(c) गोविन्दपुरा (d) डाबड़ा

**80. राठौड़ शासक जो 52 युद्धों के नायक और 58 परगनों का स्वामी रूप में प्रतिष्ठित माना गया-**
(a) चन्द्रसेन (b) मालदेव
(c) मानसिंह (d) जोधसिंह

**81. राजस्थान में जेण्टलमेन्स एग्रीमेंट कब हुआ था?**
(a) वर्ष 1940 (b) वर्ष 1941
(c) वर्ष 1942 (d) वर्ष 1931

**82. ब्रोच गुर्जर नामक एक ताम्रपत्र के आधार पर राजपूतों को "यू ची" जाति का वंशज मानते हुए इनका संबंध कुषाण जाति से किसने जोड़ा है?**
(a) जॉर्ज थॉमस
(b) कनिंघम
(c) डॉ. डी.आर. भण्डारकर
(d) इनमें से कोई नहीं

**83. मेवाड़ के सिसोदिया वंश की कुलदेवी है-**
(a) घेवर माता (b) चौथ माता
(c) बाण माता (d) भँवर माता

**84. 'संन्यासियों का सुल्तान' किसे कहा गया है?**
(a) कबीरशाह को (b) संत हमीमुद्दीन नागौरी को
(c) ख्वाजा फखरुद्दीन को (d) संत अब्दुल्ला पीर को

**85. बादल विलास व उदय विलास महल किस झील के किनारे स्थित हैं?**
(a) पिछोला (b) आनासागर
(c) गैपसागर (d) मोती सागर

**86. निम्नलिखित में से कौन-सा वस्त्र है, जो गुर्जर जाति में सर्वाधिक प्रचलित है?**
(a) ब्रिचेस (b) आतमसुख
(c) चोगा (d) अंगरखी

**87. 'पंजीरी' राजस्थान में किस त्योहार पर प्रसाद के रूप में बाँटी जाती है?**
(a) दीपावली (b) होली
(c) आखातीज (d) कृष्ण जन्माष्टमी

**88. 'तालबंदी गायकी' राजस्थान के किस क्षेत्र की लोक-गायन परम्परा है?**
(a) उत्तरी (b) पूर्वी
(c) पश्चिमी (d) दक्षिणी

**89. गरासिया समुदाय का सबसे बड़ा मेला है-**
(a) मानखा रो मेला (b) कपिलमुनि मेला
(c) सीताबाड़ी मेला (d) केसरियानाथजी मेला

**90. अकबर के विरुद्ध चित्तौड़गढ़ आक्रमण (1567-68 ई.स.) के समय कौन–से लोक देवता युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए?**
(a) वीर मल्लीनाथ जी (b) वीर बिग्गा जी
(c) वीर फत्ता जी (d) वीर कल्ला जी

**91. 'मदन मोहन जी मंदिर' करौली का संबंध किस सम्प्रदाय से है?**
(a) वल्लभ सम्प्रदाय (b) रामानंदी सम्प्रदाय
(c) गौड़ीय सम्प्रदाय (d) नाथ सम्प्रदाय

**92. किस शासक के काल में शिकार का चित्रण कोटा शैली का प्रतीक बना?**
(a) जवाहर सिंह (b) सावंत सिंह
(c) माधो सिंह (d) उम्मेद सिंह

**93. असुमेलित युग्म छाँटिए -**

| | हस्तकला | | सम्बन्धित जिला |
|---|---|---|---|
| (a) | अजरक प्रिन्ट | - | बाड़मेर |
| (b) | जाजम छपाई | - | चित्तौड़गढ़ |
| (c) | लहरिया | - | अजमेर |
| (d) | दाबू प्रिन्ट | - | आकोला (चित्तौड़गढ़) |

**94. राजस्थान की बोलियों का वैज्ञानिक अध्ययन करने वाला पहला विद्वान था-**
(a) गौरीशंकर हीराचन्द ओझा
(b) जी.ए. ग्रियर्सन
(c) कर्नल जेम्स टॉड
(d) कविराजा श्यामलदास

**95. निम्नलिखित में से किस जिले की आकृति त्रिभुजाकार है?**
(a) टोंक (b) दौसा
(c) अजमेर (d) चित्तौड़गढ़

**96. उत्तरी अरावली की सर्वोच्च चोटी है-**
(a) खोह (b) गुरुशिखर
(c) भरौच (d) रघुनाथगढ़

**97. निम्नलिखित में से कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित है-**
(a) छोटी सादड़ी
(b) मानगढ़
(c) कुशलगढ़
(d) कोटड़ा

**98. वराह तथा लसावरी किस नदी के अन्य नाम है?**
(a) मेंथा
(b) रूपारेल
(c) रूपनगढ़
(d) काकनेय

**99. राजस्थान में औसत वार्षिक वर्षा होती है-**
(a) 50 सेमी
(b) 51.57 सेमी.
(c) 57.51 सेमी
(d) 125 सेमी.

**100. निम्नलिखित में से जैतसागर झील किस जिले में स्थित है?**
(a) धौलपुर
(b) बूँदी
(c) प्रतापगढ़
(d) झुंझुनूँ

**101. राजस्थान में क्षारीय मृदा का विस्तार है-**
(a) नागौर
(b) बीकानेर
(c) फलोदी
(d) उपर्युक्त सभी

**102. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर किस जिले में है?**
(a) बाड़मेर
(b) चित्तौड़गढ़
(c) राजसमंद
(d) श्रीगंगानगर

**103. जनगणना-2011 के अनुसार क्रमश: भारत एवम् राजस्थान की नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत क्या है?**
(a) 24.87% एवम् 31.15%
(b) 34.15% एवम् 24.87%
(c) 21.87% एवम् 34.15%
(d) 31.15% एवम् 24.87%

**104. 'बेणेश्वर धाम' किन तीन नदियों के संगम पर स्थित है?**
(a) सोम, माही, पार्वती
(b) माही, कोठारी, पार्वती
(c) सोम, जाखम, पार्वती
(d) सोम, माही, जाखम

**105. दक्षिण- पूर्वी मैदानी प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सा जिला स्थित है?**
(a) अजमेर
(b) अलवर
(c) जयपुर
(d) बूँदी

**106. 'हम्मादा' है -**
(a) राजस्थान में स्थित रेतीला मरुस्थल
(b) राजस्थान में स्थित चट्टानी मरुस्थल
(c) राजस्थान में पाई जाने वाली पौष्टिक घास
(d) राजस्थान में पाई जाने वाली जंगली घास

**107. भोराठ का पठार स्थित है -**
(a) मेवाड़ (उदयपुर) के दक्षिण-पश्चिमी भाग में
(b) छप्पन के मैदान के आस-पास वाले क्षेत्र में
(c) माण्डोली की पहाड़ियों के आस-पास वाले क्षेत्र में
(d) गोगुन्दा से कुम्भलगढ़ के मध्य वाले क्षेत्र में

**108. 'मावठ' वर्षा जिनसे होती है, वह है -**
(a) लौटता मानसून
(b) दक्षिण-पश्चिमी मानसून
(c) पश्चिमी विक्षोभ
(d) उष्ण कटिबंधीय चक्रवात

**109. राजस्थान सरकार द्वारा पहली वन नीति का अनुमोदन कब किया गया था?**
(a) मार्च, 2011
(b) अगस्त, 2010
(c) अक्टूबर, 2010
(d) फरवरी, 2010

**110. भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान कौन-सा है?**
(a) कूनो राष्ट्रीय उद्यान
(b) जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(c) हेमीस राष्ट्रीय उद्यान
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**111. नीति तथा माना दर्रे किस राज्य में स्थित हैं?**
(a) सिक्किम
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) उत्तराखंड
(d) मिजोरम

**112. पीरपंजाल श्रेणी में स्थित दर्रा है-**
(a) बनिहाल
(b) नीति
(c) बारालाचला
(d) काराकोरम

**113. प्रायद्वीपीय भारत की कौन-सी नदी को 'दक्षिण की गंगा' के नाम से जाना जाता है?**
(a) महानदी नदी
(b) कृष्णा नदी
(c) कावेरी नदी
(d) गोदावरी नदी

**114. किस मिट्टी को रेह, ऊसर या कल्लर नाम से भी जाना जाता है?**
(a) जलोढ़ मिट्टी
(b) लाल मिट्टी
(c) क्षारीय मिट्टी
(d) इनमें से कोई नहीं

**115. राजस्थान सूचना आयोग का गठन कब हुआ?**
(a) 13 अप्रैल, 2006
(b) 14 अप्रैल, 2006
(c) 15 अप्रैल, 2006
(d) 16 अप्रैल, 2006

**116. निम्नलिखित में से कौन-से संशोधन अधिनियम के अन्तर्गत राज्य विधान परिषद् का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को संबंधित राज्य का मतदाता होने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई?**
(a) 10वें संविधान संशोधन अधिनियम
(b) 11वें संविधान संशोधन अधिनयम
(c) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951
(d) जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-2003

**117. राज्य मानवाधिकार आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन किसको प्रेषित करता है?**
(a) मुख्य सचिव
(b) राष्ट्रपति
(c) राज्य सरकार
(d) केंद्र सरकार

**118. निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद के तहत नगरपालिकाओं में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा स्त्रियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है?**
(a) अनुच्छेद – 243 (U)
(b) अनुच्छेद – 243 (Q)
(c) अनुच्छेद – 243 (R)
(d) अनुच्छेद – 243 (T)

**119. स्थानीय स्वशासन है–**
(a) वह व्यवस्था जिसमें केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों द्वारा स्थानीय सेवाओं का प्रशासन हो।
(b) वह व्यवस्था जिसमें केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों द्वारा निर्मित क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा स्थानीय सेवाओं का प्रशासन हो।
(c) वह व्यवस्था जिसमें उन स्थानीय इकाइयों जिनमें निर्वाचित व्यक्ति होते हैं जिनके द्वारा स्थानीय सेवाओं का प्रशासन हो।
(d) वह व्यवस्था जिसमें सरकार द्वारा इस आधार पर चुने हुए लोग, जिनकी सार्वजनिक मामलों में दिलचस्पी हो, स्थानीय सेवाओं का प्रशासन करते हों।

**120. निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद के तहत राज्यपाल के पास धन विधेयक और अनुदान की माँगों को सिफारिश करने की शक्ति है?**
(a) अनुच्छेद – 207
(b) अनुच्छेद - 208
(c) अनुच्छेद – 202
(d) अनुच्छेद – 161

**121. राज्यपाल के पद की अर्हताओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) राज्यपाल संसद या राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं होना चाहिए।
(b) यदि वह किसी भी सदन का सदस्य है तो राज्यपाल के पद की शपथ लेने के बाद उस सदन से उसका स्थान रिक्त माना जाएगा।
(c) कार्यकाल के दौरान उनकी आर्थिक उपलब्धियों व भत्तों को संसद के द्वारा कम किया जा सकता है।
(d) राज्यपाल अपने कार्यकाल के दौरान अन्य किसी प्रकार का पद धारण नहीं कर सकता।

**122. सूचना के अधिकार के तहत जीवन या स्वतंत्रता से सम्बन्धित सूचना कितने समय में उपलब्ध करवानी होती है?**
(a) 1 दिन (b) 1 सप्ताह
(c) 48 घण्टे (d) 15 दिन

**123. राज्य महिला नीति कब जारी की गई?**
(a) 8 मार्च, 2000 (b) 10 दिसम्बर, 2005
(c) 15 मई, 1999 (d) 15 मई, 2000

**124. निम्नलिखित में से सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय का उल्लेख संविधान के किन उपबंधों में हुआ है?**
**A. मूल कर्तव्य B. प्रस्तावना**
**C. मूल अधिकार D. नीति निदेशक तत्त्व**
**सही कूट का चयन कीजिए-**
(a) A व B (b) B व D
(c) C व D (d) B, C, व D

**125. लोक लेखा समिति के सन्दर्भ में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**(A) इस समिति में 22 सदस्य होते हैं।**
**(B) 15 सदस्य राज्यसभा से व 7 सदस्य लोकसभा से होते हैं।**
**(C) इस समिति का अध्यक्ष विपक्ष दल का होता है।**
**सही कूट का चयन कीजिए–**
(a) केवल A और B
(b) केवल B और C
(c) केवल A और C
(d) A, B और C

**126. राष्ट्रीय आपातकाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(A) राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान लोकसभा के कार्यकाल को एक बार में 1 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।**
**(B) एक बार संसद द्वारा मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रीय आपातकाल 6 माह तक जारी रहता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल A
(b) केवल B
(c) A व B दोनों
(d) न तो A और न ही B

**127. राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड का मुख्यालय स्थित है-**
(a) अजमेर (b) जोधपुर
(c) जयपुर (d) कोटा

**128. राजस्थान राष्ट्रीय केमिकल एण्ड फर्टिलाइजर्स को स्थापित किया गया है –**
(a) चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन में
(b) हनुमानगढ़ जिले के रावतसर में
(c) कोटा जिले के गढ़ेपान में
(d) इनमें से कोई नहीं

**129. राजस्थान में औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा जिला है–**
(a) कोटा
(b) जालोर
(c) अजमेर
(d) अलवर

**130. राज्य में MSME (सूक्ष्म, लघु व मध्यम उघम) अधिनियम लागू हुआ–**
(a) वर्ष 2017
(b) वर्ष 2020
(c) वर्ष 2019
(d) वर्ष 2021

**131. दीनदयाल अन्त्योदय योजना–(NULM) (राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन) किस योजना का पुनर्गठित रूपांतरित रूप है?**
(a) स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना (SJSRY)
(b) इंदिरा विकास योजना
(c) प्रधानमंत्री अन्नदाता योजना
(d) इनमें से कोई नहीं

**132. निम्नलिखित में से राजस्थान के किन जिलों में सर्वाधिक गेहूँ की पैदावार होती है?**
(a) उदयपुर, जयपुर
(b) जयपुर, श्रीगंगानगर
(c) श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़
(d) श्रीगंगानगर, अलवर

**133. निम्नलिखित में से ग्रीन फायर (हरी अग्नि) किस खनिज को कहा जाता है?**
(a) तामड़ा
(b) पन्ना
(c) हीरा
(d) अकीक

**134. निम्नलिखित में से राज्य के किन जिलों में 'बायोफ्यूल संयंत्र' स्थापित किए गए हैं?**
(a) जयपुर, भीलवाड़ा, सिरोही
(b) जयपुर, जैसलमेर, चूरू
(c) झुंझुनूँ, अलवर, जयपुर
(d) भीलवाड़ा, उदयपुर, बाँसवाड़ा

**135. निम्नलिखित में से कौन-सी तिलहन फसल नहीं है?**
(a) सरसों (b) अलसी
(c) मक्का (d) सोयाबीन

**136. सबला-लोहारिया खनन क्षेत्र (डूँगरपुर) में किस खनिज के भण्डार हैं?**
(a) लाइमस्टोन (b) सेंडस्टोन
(c) सोपस्टोन (d) इनमें से कोई नहीं

**137. हाल ही में भारतीय वायु सेना द्वारा 10 दिवसीय 'गगन शक्ति युद्धाभ्यास- 2024' का आयोजन कहाँ पर किया गया?**
(a) पोखरण, राजस्थान
(b) कच्छ, गुजरात
(c) उधमपुर, पंजाब
(d) महाजन, राजस्थान

**138. हाल ही में साइबर क्राइम के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाने हेतु राजस्थान पुलिस ने किसके साथ MoU किया है?**
(a) संयुक्त साइबर समन्वय दल
(b) राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल
(c) CBS साइबर फाउंडेशन
(d) भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र

**139. हाल ही में राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए कौन-सा अभियान चलाया गया?**
(a) आओ बूथ चलें
(b) आओ मिलकर मतदान करें
(c) मतदान हमारा अधिकार
(d) वोट फ्रॉम होम

**140. 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता' का खिताब जीतने वाली राज्य की पहली यूनिवर्सिटी कौन-सी है?**
(a) जे.जे.टी. यूनिवर्सिटी, झुंझुनूँ
(b) राजस्थान यूनिवर्सिटी, जयपुर
(c) जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी, जोधपुर
(d) महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी, बीकानेर

**141. हाल ही में राजस्थान सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत किस जिले में 'मुख्यमंत्री मा वाउचर योजना' लागू की है?**
(a) बारां
(b) भरतपुर
(c) फलोदी
(d) उपर्युक्त सभी

**142. हाल ही में राज्य में स्कूली शिक्षा को दिव्यांग बच्चों और वंचित छात्रों के घरों तक बिना इंटरनेट और बिना स्मार्टफोन पहुंचाने के लिए कौन-सी शैक्षणिक हेल्पलाईन शुरू की गई है?**
(a) स्कूल एट होम
(b) स्पेशल स्कूल
(c) स्कूल फॉर यू
(d) एजुकेशन एट होम

**143. हाल ही में राज्यपाल द्वारा किस विश्वविद्यालय को सत्र 2021- 22 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में कुलाधिपति अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?**
(a) जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय (जोधपुर)
(b) महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय (बीकानेर)
(c) राजस्थान विश्वविद्यालय (जयपुर)
(d) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (उदयपुर)

**144. बाँध और नहर के जलस्तर की रियल टाइम जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'जल संसाधन प्रणाली डैशबोर्ड' लॉन्च करने में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान है?**
(a) प्रथम
(b) द्वितीय
(c) तृतीय
(d) चतुर्थ

**145. हाल ही में किसे कर्मचारी चयन आयोग (SSC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?**
(a) राजकुमार गोयल
(b) अनिल देसाई
(c) राकेश रंजन
(d) नवीन नायक

**146. हाल ही में 30 मई, 2024 को किस भारतीय राज्य ने अपना 37 वाँ स्थापना दिवस मनाया है?**
(a) तेलंगाना (b) गोवा
(c) मणिपुर (d) केरल

**147. ताइवान एथलेटिक्स ओपन- 2024 में भारतीय एथलेटिक्स दल ने कुल कितने पदक जीते?**
(a) 5
(b) 8
(c) 7
(d) 10

**148. हाल ही में भारत और किस देश के मध्य संयुक्त सैन्याभ्यास डस्टलिक का आयोजन किया गया?**
(a) उज्बेकिस्तान
(b) दक्षिण कोरिया
(c) भूटान
(d) रूस

**149. प्रतिवर्ष 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 28 मई को
(b) 29 मई को
(c) 30 मई को
(d) 31 मई को

**150. हाल ही में किस टेनिस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन- 2024 में महिला एकल का ख़िताब जीता है?**
(a) जैस्मीन पाओलिनी
(b) इगा स्विएटेक
(c) कोको गौफ
(d) कटरीना सीनियाकोवा

# व्याख्या - 01

**1. [b]**

**व्याख्या :-**

- जो गैसें पृथ्वी द्वारा उत्सर्जित तरंग दैर्ध्य श्रेणी में अवरक्त विकिरण को अवशोषित और उत्सर्जित करती हैं, ग्रीनहाउस गैसें कहलाती है। ग्रीनहाउस गैसें सूर्य से आने वाली (लघु-तरंग) विकिरण के लिए पारदर्शी होती हैं लेकिन इन्फ्रारेड (दीर्घ-तरंग) विकिरण को पृथ्वी के वायुमंडल से बाहर निकलने से रोकती हैं।
- ग्रीनहाउस प्रभाव के लिए मुख्य जिम्मेदार गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड और क्लोरोफ्लोरोकार्बन इत्यादि शामिल हैं।
- क्योटो प्रोटोकॉल (वर्ष 1997) संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेंट चेंज (UNFCCC) की एक अंतरराष्ट्रीय संधि है जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए देशों को प्रतिबद्ध करती है।

**2. [c]**

**व्याख्या :-**

- 22 जुलाई, 2019 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SHAR) से चंद्रयान-2 अंतरिक्षयान को भूतुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (GSLV) मार्क-III से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। यह भारत का चंद्रमा पर दूसरा मिशन था। इसमें पूरी तरह से स्वदेशी ऑर्बिटर, लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) का इस्तेमाल किया गया है। रोवर (प्रज्ञान) लैंडर (विक्रम) के अंदर स्थित था।

**3. [b]**

**व्याख्या :-**

- सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा निर्मित कोवैक्सिन तथा भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन टीके को भारत में केवल 2 से 8 डिग्री सेल्सियस (2-8 °C) पर संग्रहीत किया जा सकता है। कोविशील्ड और कोवैक्सीन दोनों ही कोविड से बचाव में कारगर हैं।
- कोविड -19 की जाँच के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने भारत के पहले स्व-परीक्षण (सेल्फ-टेस्टिंग) रैपिड एंटीजन टेस्ट (RAT) को मंज़ूरी प्रदान की, जिसे कोविसेल्फ नाम दिया गया है। इस किट को पुणे स्थित मॉलिक्यूलर कंपनी मायलैब डिस्कवरी सॉल्यूशन्स (MyLab Discovery Solutions) ने विकसित किया है।

**4. [b]**

**व्याख्या :-**

- बुलेट प्रूफ जैकेट में सबसे प्रसिद्ध पदार्थ का उपयोग "केवलर" का होता है, जो एक पैरा-आर्मिड सिंथेटिक फाइबर है।
- फॉर्मेलिन फ़ॉर्मेल्डिहाइड का एक जलीय विलयन होता है जिसका उपयोग मृत जीवों के परीक्षण में किया जाता है।
- फुलेरीन कार्बन का एक बहुत ही उपयोगी समरूप है। बकमिनिस्टर फुलेरीन का सबसे सामान्य रूप है।
- कोल-तार काले या भूरे रंग का एक बहुत गाढ़ा द्रव होता है जिसका उपयोग बॉयलरों को गर्म करने, साबुन, शैंपू आदि बनाने और पक्की सड़कों को बनाने के लिए किया जाता है।

**5. [d]**

**व्याख्या :-**

- पूसा सिंधु गंगा गेहूँ की किस्म है। अन्य गेहूँ की किस्में– पूसा विशेष, पूसा श्रेष्ठ, पूसा गेहूँ आदि ।
- **धान की किस्म** - पूसा-667, पूसा-834, पूसा सुगंध-5 आदि।
- **मसूर की किस्म** - पूसा वैभव, पूसा अगेती मसूर, पूसा शिवालिक आदि।
- **चना की किस्म** - पूसा चमत्कार, पूसा-256, पूसा-372 आदि।

**6. [c]**

**व्याख्या :-**

- जिस बल के कारण दो वस्तुएं एक-दूसरे को अपनी ओर आकर्षित करती है, उसे 'गुरुत्वाकर्षण बल कहते हैं। गुरुत्वाकर्षण बल (Gravitational Force ) किन्ही दो वस्तु, पदार्थ अथवा कणों के बीच उपस्थित एक आकर्षण बल है। गुरुत्वाकर्षण बल न सिर्फ पृथ्वी और वस्तुओं के मध्य का आकर्षण बल है बल्कि यह ब्रह्माण्ड में मौजूद हर पदार्थ या वस्तु के बीच मौजूद है। गुरुत्वाकर्षण को उस त्वरण (acceleration) से मापा जाता है जो मुक्त रूप से गिरने वाली वस्तुओं को देता है। पर्वतारोहण के दौरान, पैरों को सीधे गुरुत्वाकर्षण के केंद्र के नीचे रखने के लिए आगे झुकना आवश्यक है।

**7. [b]**

**व्याख्या :-**

- ग्लूकोज मानव कोशिकाओं के लिए ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। जब शरीर को ऊर्जा के लिए ग्लूकोज का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है, तब यह इसे यकृत और मांसपेशियों में संग्रहीत करता है। ग्लूकोज का यह संग्रहीत रूप कई जुड़े ग्लूकोज अणुओं से बना होता है जिसे ग्लाइकोजन कहा जाता है। ग्लाइकोजन, ग्लूकोज का एक पॉलीसेकेराइड है, जो जंतुओं, कवक और जीवाणु में ऊर्जा भंडारण के रूप में कार्य करता है।

**8. [a]**

**व्याख्या :-**

- आलू भूमिगत परिवर्धित तना हैं जो भोजन संग्रह के कारण मांसल एवं मोटा हो जाता हैं। अदरक और रतालू भी संशोधित तने हैं क्योंकि भोजन के भंडारण, समर्थन और सुरक्षा के कार्य को करने के लिए तनों को संशोधित किया जाता है।
  गाजर, सहजन (हॉर्सरैडिश), मूली, शलजम, शकरकंद और चुकंदर जैसी वस्तुएँ जड़ वाली सब्जियों में शामिल हैं।

**9. [d]**

**व्याख्या :-**

- किसी भी चालक का गुण जो इसके माध्यम से विद्युत धारा के प्रवाह का विरोध करता है, प्रतिरोध (R=V/I) कहलाता है। प्रतिरोध का मात्रक ओम (Ω) है तथा विभवांतर का मात्रक वोल्ट होता हैं।

**10. [b]**

**व्याख्या :-**

- कार्बनिक यौगिक हिस्टामिन जो मानव शरीर से द्रव अवस्था में एलर्जी के दौरान मुक्त होता है। हिस्टामिन एक रसायन है जो कुछ खाद्य पदार्थों में स्वाभाविक रूप से होता है। यह उन रसायनों में से एक है जो शरीर में एलर्जी के प्रति अनुक्रिया के हिस्से के रूप में निकलता है, जिससे खुजली, छींकने, घरघराहट और सूजन होती है।
- हिपेरिन का उपयोग रक्त वाहिकाओं, हृदय और फेफड़ों की स्थितियों को नियमित करने या उनका इलाज करने के लिए किया जाता है।
- हैप्टेन छोटे अणु होते हैं जो एक प्रोटीन जैसे बड़े वाहक से जुड़े होने पर ही प्रतिरक्षा अनुक्रिया प्राप्त करते हैं।

**11. [d]**

**व्याख्या :-**

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO- indian space research organisation) की स्थापना 15 अगस्त, 1969 में हुई। ISRO भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत अंतरिक्ष एजेंसी है, जिसका मुख्यालय बेंगलुरु, कर्नाटक में है। ISRO अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों, अंतरिक्ष अन्वेषण और संबंधित प्रौद्योगिकियों के विकास से संबंधित कार्यों को करने के लिए भारत में प्राथमिक एजेंसी है।
- ISRO ने भारत का पहला उपग्रह आर्यभट्ट बनाया, जिसे सोवियत संघ की सहायता से वर्ष 1975 में लॉन्च किया था।

**12. [a]**

**व्याख्या :-**

- **डी.एन.ए.** सैम्पल के आधार पर व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने हेतु उपयोग किए जाने वाली तकनीकि विधि को **डी.एन.ए.** फिंगरप्रिंटिंग कहते हैं। इस तकनीकि की सहायता से मुख्यतः किसी भी एक व्यक्ति के **डी.एन.ए.** आधारित जेनेटिक प्रतिरूप की अनूठी पहचान सुनिश्चित की जा सकती है। इस प्रकार **डी.एन.ए.** फिंगरप्रिंटिंग का प्रयोग आपराधिक जाँच प्रक्रिया में अभियुक्त अथवा मृत की पहचान सुनिश्चित करने के लिए की जाती है। वर्ष 1984 में ब्रिटिश लीसरेस्टर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक सर एलैक जैफरी एवं उसके सहयोगियों ने इस तकनीक का विकास किया था।

**13. [d]**

**व्याख्या :-**

- हिमनरक्षी (cryoprotectant) एक पदार्थ है जिसका उपयोग जैविक ऊतक को ठंड से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए किया जाता है। हिमनरक्षी (cryoprotectant) एजेंट सिस्टम में मौजूद सभी विलेय की कुल सांद्रता को बढ़ाकर किसी भी तापमान पर बर्फ के निर्माण को कम करते हैं। एथिलीन ग्लाइकॉल, डाइमिथाइल सल्फ़ोक्साइड (DMSO), सुक्रोज, ग्लिसरॉल, आदि कुछ आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले हिमनरक्षी (cryoprotectant) हैं।

**14. [c]**

**व्याख्या :-**

- सामान्य टी.वी. रिमोट कंट्रोल में प्रयोग की जाने वाली तरंगें अवरक्त किरणें हैं। अवरक्त (IR) विद्युतचुंबकीय विकिरण (EMR) है, जिसकी तरंगदैर्घ्य दृश्य प्रकाश की तुलना में अधिक होती है इसलिए यह मानव आंख के लिए अदृश्य होता है। इनका उपयोग वस्तुओं का ताप बढ़ाने में, टी.वी. रिमोट कंट्रोल में, कोहरे में फोटोग्राफी करने में एवं रोगियों की सिकाई करने में किया जाता है।

**15. [c]**

**व्याख्या :-**

- मानव श्रवण से अधिक आवृत्तियों पर ध्वनि तरंगें उत्पन्न करते हैं, जिन्हें पराश्रव्य तरंगें कहा जाता है। पराश्रव्य तरंगें 20,000 हर्ट्ज से अधिक की ध्वनि तरंगें हैं। चमगादड़ अपने मुंह या नाक के माध्यम से उच्च-आवृत्ति ध्वनि का उत्सर्जन करके और प्रतिध्वनि सुनकर प्रतिध्वनिस्थान-निर्धारण उत्पन्न करते हैं। मनुष्य पराश्रव्य तरंगों को नहीं सुन सकते हैं।

**16. [a]**

**व्याख्या :-**

- काला कवक रोग एक प्रकार के साँचे के कारण होता है जिसे **'म्यूक्रोमाइसेट्स'** के नाम से जाना जाता है। म्यूक्रोमाइसेट्स कवक का समूह है जो म्यूक्रोमाइसिस का कारण बनता है। यह पूरे पर्यावरण में मौजूद हैं, विशेष रूप से मिट्टी में और सड़ने वाले कार्बनिक पदार्थ जैसे- पत्ते, खाद के ढेर, सड़ी हुई लकड़ी, आदि। इस बीमारी से जुड़े सामान्य लक्षणों में सिरदर्द, चेहरे का दर्द, नाक बंद होना, आंखों की रोशनी कम होना या आंखों में दर्द, गालों और आंखों में सूजन और नाक में काली पपड़ी शामिल हैं।

**17. [d]**

**व्याख्या :-**

- सिलिकॉन का इलेक्ट्रॉन विन्यास होगा $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^2$
- नाइट्रोजन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है $1s^2 2s^2 2p^3$
- सल्फर का इलेक्ट्रॉन विन्यास है $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^4$
- अतः तत्वों के Si, N, S समूह में उनकी सबसे बाहरी कक्षा में 4, 5 और 6 इलेक्ट्रॉन होते हैं।

**18. [b]**

**व्याख्या :-**


- समस्त जीवों (पौधों एवं प्राणियों) की प्रजातियों में पाई जाने वाली विविधता को जैव विविधता कहा जा सकता है। जैव विविधता दिवस 22 मई को मनाया जाता है। वर्ष 2010 को जैव विविधता का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया गया।
- जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण स्तर, मानव द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से विभिन्न प्रजातियों के आवास नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण बहुत सारी प्रजातियाँ या तो विलुप्त हो गईं या होने के कगार पर हैं।

- जहाँ उच्च या समृद्ध जैव विविधता पायी जाती है, ऐसे भौगोलिक क्षेत्र 'हॉटस्पॉट' या 'मेगा बायोडायवर्सिटी' कहलाते हैं। सक्यूलेन्ट कारु दक्षिणी अफ्रीका में अवस्थित रेगिस्तानी क्षेत्र में जैव विविधता स्थल है।

**19. [c]**

**व्याख्या :-**

- पारिस्थितिक तंत्र में खाद्य श्रृंखला तथा खाद्य जल के सभी पोषण स्तरों पर भंडारित समस्त जीवों के सकल भार के प्रदर्शन तथा अध्ययन के लिये बायोमास (जैवभार) पिरामिड का प्रयोग किया जाता है। जलीय पारिस्थितिक तंत्र में बायोमास (जैवभार) का पिरामिड उल्टा होता है क्योंकि जलीय पारितंत्र के उत्पादक सूक्ष्म पादपप्लवक होते हैं, जो तीव्र गति से वृद्धि करते हुए जनन करते हैं। इसमें बायोमास के पिरामिड का आधार छोटा होता।




चित्र—तालाब के जीव भार का शंकु

**20. [d]**

**व्याख्या :-**

- डिजिटल इंडिया परियोजना को समावेशी बनाने के लिये इंटरनेट कनेक्टिविटी महत्त्वपूर्ण है। इसके साथ ही, देश के दूरस्थ हिस्सों तक में ऑप्टिकल फाइबर का व्यापक उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है कि कोई भी इस प्रयास में पीछे न छूट जाए। G का मतलब Generation (जनरेशन) होता है। 4G चौथी पीढ़ी का इंटरनेट है, जिसकी स्पीड पहले की पीढ़ियों की तुलना में अधिक है। इसी प्रकार अगली इंटरनेट पीढ़ियां (जनरेशन) 5G, 6G.... इत्यादि होंगी, जिनकी इंटरनेट स्पीड 4G की तुलना में अधिक होगी।

**21. [c]**

**व्याख्या :-**

- वे कार्बनिक यौगिक, जिनके अणु में एमीनो (-NH2) एवं कार्बोक्सिलिक (-COOH) दोनों समूह उपस्थित होते हैं, अमीनो अम्ल कहलाते हैं। ट्रिप्टोफैन भी एक अमीनो अम्ल, जो कई खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। ट्रिप्टोफैन मानव शरीर में नियासिन (विटामिन-B) में परिवर्तित होता हैं।

**22. [c]**

**व्याख्या :-**

- थायराइड, गर्दन के निचले हिस्से में तितली के आकार की एक छोटी सी ग्रंथि होती है जो शरीर में मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करती है। हम जो भी खाते है, यह ग्रंथि उस भोजन को ऊर्जा में बदलने का काम करती है। इसके साथ ही यह हृदय, मांसपेशियों व कोलेस्ट्रोल को भी प्रभावित करती है।
- थायराइड ट्राईआयोडोथायरोनिन (टी 3) और थायरोक्सिन (टी4) हार्मोन को स्रावित करता है। इसे थायराइड हार्मोन कहते हैं।

**23. [a]**

**व्याख्या :-**

- कम्प्यूटर कोई भी कार्य स्वयं नहीं करता बल्कि वह यूजर द्वारा दिए गए निर्देशों के आधार पर कार्य करता है।
- कम्प्यूटर में सोचने समझने की क्षमता नहीं है इस पर अभी विकास जारी है।

**24. [b]**

**व्याख्या :-**

- प्रोसेसर = हर्ट्ज
- भंडारण = बाइट्स
- सुपर कम्प्यूटर = फ्लॉप्स
- प्रोसेसर की गति को हर्ट्ज में मापा जाता है।
- कम्प्यूटर में स्टोरेज की प्राइमरी यूनिट बाइट्स है।
- सुपर कम्प्यूटर की गति FLOPS (Floating Point Operations per Second) है।

**25. [c]**

**व्याख्या :-**

- QR Code – Quick Response Code होता है जिसको Scanner के द्वारा Scan करके Data को Computer पर भेजा जाता है।
- QR Code के द्वारा उसके बारे में जानकारी तक त्वरित पहुँचा जा सकता है।

**26. [a]**

**व्याख्या :-**

- यूनिक्स एक मल्टी यूजर ऑपरेटिंग सिस्टम है।
- मल्टी यूजर से आशय है कि एक कम्प्यूटर सिस्टम को एक से अधिक यूजर, एक समय में प्रयोग में ले सकते हैं।

**27. [c]**

**व्याख्या :-**

- कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर को यूजर छू नहीं जा सकता है।
- कम्प्यूटर हार्डवेयर को यूजर छू सकता। जैसे कि की-बोर्ड, मॉनिटर, माउस, प्रिंटर आदि।
- सॉफ्टवेयर ऐसे प्रोग्राम का समूह है जो कि किसी विशेष उद्देश्य के लिए बनाया जाता है।

**28. [c]**

**व्याख्या :-**

- Windows में स्टार्ट बटन निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रयोग किया जाता है-
  (i) कम्प्यूटर पर Installed सॉफ्टवेयर को खोलने के लिए।
  (ii) कंट्रोल पैनल खोलने के लिए।
  (iii) कम्प्यूटर को Shut Down तथा Restart करने के लिए।

**29. [d]**

**व्याख्या :-**

- Windows की डिस्प्ले को बड़ा करने के लिए maximize बटन का प्रयोग किया जाता है।
- Windows की डिस्प्ले को छोटा करने के लिए minimize बटन का प्रयोग करते हैं।

**30. [b]**

**व्याख्या :-**

– MS Word में Text एलाइनमेंट चार प्रकार के होते हैं- Right, Left, Center तथा Justify एलाइनमेंट्स होते हैं।

– एलाइनमेंट्स से तात्पर्य है कैसे और कहाँ टेक्स्ट रहेगा।

**31. [b]**

**व्याख्या :-**

– Formating Tootbar में सबसे छोटा Font Size 8 होता है।

– सबसे बड़ा Font Size 72 होता है।

**32. [a]**

**व्याख्या :-**

– Bullent & Numbering टूल्स का उपयोग लिस्ट बनाने के लिए किया जाता है।

– ड्रॉइंग करने के लिए हम MS Picture Manager या किसी अन्य ड्रॉइंग सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हैं।

– फाइल रिनेम करने के लिए फाइल या फोल्डर पर राईट क्लिक से मेन्यू ओपन होता है उसी मेन्यू में Rename विकल्प का प्रयोग करते हैं।

**33. [a]**

**Explanation :-**

– Immortal/Deathless = अमर

– Arrogant = घमंडी/अहंकारी

– Sorrow = दु:ख

**34. [c]**

**Explanation :-**

– Compel = मजबुर करना/विवश करना
Persuade = फुसलाना

**35. [b]**

**Explanation :-**

– 'Still' के स्थान पर 'but' का प्रयोग होगा क्योंकि जब Positive Sense से Negative Sense होता है तो 'but' का प्रयोग किया जाता है।

**36. [a]**

**Explanation :-**

– In time clauses referring to the past, tenses are not changed.

**37. [a]**

**Explanation :-**

– In “Wh” questions the passive begins with the same question word as is used in the active voice but “Who” changes into “By whom” in the passive voice.
[Passive voice=is/are/am + $V_{III}$ (simple present)

**38. [c]**

**Explanation :-**

– **Souvenir**- something that you keep reminding you of a special event.

**39. [c]**

**Explanation :-**

– **Present Continuous Tense -** Look at what + he (Subject - III$^{rd}$ person singular) + is (H. V.) + doing (main verb + ing).

**40. [b]**

**Explanation :-**

– The established order supported by religion to perpetuate (continue for a long time) the injustice imposed by the capitalist system.

**41. [b]**

**Explanation :-**

– In capitalist system, the ends justify the means i.e. desired result is so good or important that any method may be used to achieve it.

**42. [d]**

**Explanation :-**

– Issuing a warning to a subordinate

**43. [c]**

**व्याख्या :-**

– ऐक्य + आत्म – ऐक्य् + <u>अ + आ</u> + त्म

– ऐक्य् + आ + त्म – ऐक्यात्म (दीर्घ स्वर संधि)

– अन्य उदाहरण – आर्य +आवर्त – आर्यावर्त,

– साष्टांग – स + अष्ट + अंग,

– लोकापवाद – लोक + अपवाद।

**44. [a]**

**व्याख्या :-**

– अन् + अभि + अस्त – अनभ्यस्त।
यहाँ पर अन् व अभि उपसर्ग हैं-

– अन् उपसर्ग का अर्थ है- (अभाव, रहित, नहीं) ।

– अभि – सामने या पास।

**45. [d]**

**व्याख्या :-**

– शुद्ध विलोम शब्द निम्न हैं -

– सौम्य – भीषण (भयंकर)

– दूषण – भूषण

– गौण – मुख्य

– दुरात्मा – महात्मा

**46. [a]**

**व्याख्या :-**

– कंज के अनेकार्थक शब्द निम्न हैं –

– केश, कमल, ब्रह्मा, अमृत

– घड़ा – कुंभ का अनेकार्थक है।

– विश्व – केश, किरण आदि विश्व के अनेकार्थक हैं।

– चतुर – कुशल का अनेकार्थक है।

**47. [d]**

**व्याख्या :-**

– उपर्युक्त सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।

– वे संज्ञा शब्द जो किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु के नाम का बोध कराते हैं। जैसे- राम, गंगा, पटना, आम एवं रामायण आदि।

**48. [d]**

**व्याख्या :-**

| | **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| – | आधीन | अधीन |
| – | विरहणी | विरहिणी |
| – | उन्नतशील | उन्नतिशील |

**49. [a]**

**व्याख्या :-**

- "खिड़की के पास बैठने की जगह" वाक्यांश के लिए समुचित एक शब्द होगा – दरीचा।
- थपड़ी – दोनों हथेलियों के टकराने से होने वाली आवाज।
- दित्सा – देर करने की इच्छा।
- दुर्भगा – पति के स्नेह से वंचित स्त्री।

**50. [c]**

**व्याख्या :-**

- लोकोक्तियों के शुद्ध अर्थ हैं-
- तिनके की ओट में पहाड़ - छोटी सी चीज के पीछे बड़े रहस्य का छिपा होना।
- तिरिया तेल हमीर हठ चढ़े न दूजी बार - कुछ चीजें ठान लेने पर पूरी करनी ही होती ।
- तीन लोक से मथुरा न्यारी - सबसे अलग स्थिति।
- तीरथ गए मुंडाए सिर - वातावरण के अनुसार निर्णय लेना।

**51. [a]**

**व्याख्या :-**

- Judicious – न्यायसंगत
  Legal - विधिसम्मत
  Arbitrary - मनमाना
  Accountability – जवाबदेही/ लेखा देयता

**52. [d]**

**व्याख्या :-**

- कार्यालयीय पत्र में पत्र भेजने वाले अधिकारी के घर का नाम-पता नहीं लिखा जाता है।
- कार्यालयी पत्र - जो पत्र एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में अथवा दो राज्य सरकारों के बीच, विदेशी सरकारों के बीच, सरकारी-गैर सरकारी संगठनों और संस्थाओं के बीच जन-साधारण के साथ सम्बन्ध स्थापना हेतु परस्पर प्रेषित किए जाते हैं, उन्हें कार्यालयी-पत्र कहा जाता है।

**53. [d]**

**व्याख्या :-**

cot $\theta = \sqrt{3}$

तो , $\theta = 30°$

$$\Rightarrow \frac{\sin 30° + \cos 30°}{\cos 30° - \sin 30°} = \frac{\frac{1}{2} + \frac{\sqrt{3}}{2}}{\frac{\sqrt{3}}{2} - \frac{1}{2}}$$

$$\frac{1+\sqrt{3}}{\sqrt{3}-1} \times \frac{\sqrt{3}+1}{\sqrt{3}+1}$$


$$\Rightarrow \frac{\left(1+\sqrt{3}\right)^2}{3-1} = \frac{1+3+2\sqrt{3}}{2} = \frac{2\left(2+\sqrt{3}\right)}{2}$$

$$\Rightarrow 2+\sqrt{3}$$

**54. [d]**

**व्याख्या :-**

**प्रश्नानुसार,**




माना नाव (B) की प्रकाश स्तम्भ (AC) से दूरी = x मी.

समकोण त्रिभुज ABC में,

$\Rightarrow$ tan45o = $\frac{AC}{AB}$

$\Rightarrow$1 = $\frac{150}{x}$ $\Rightarrow$ AB = AC = 150m

अत: नाव की प्रकाश स्तम्भ से दूरी (x) = 150 मी.

**55. [b]**

**व्याख्या :-**

मूल्यों का योग = 10×6 = 60

चार मूल्यों का योग = 4×7.5 = 30

शेष बचे 6 मूल्यों का योग = 60 – 30 = 30

इनका माध्य = 30/6 = 5

**56. [b]**

**व्याख्या :-**

- कंपनी A का कुल व्यय
  = 30 + 60 + 40 + 70 + 100 + 50 + 120 = 470
- कंपनी B के कुल व्यय
  = 80 + 40 + 60 + 60 + 80 + 100 + 140 = 560
- अपेक्षित प्रतिशत = $\frac{560-470}{560} \times 100 = 16\%$

**57. [a]**

**व्याख्या :-**

- अपेक्षित औसत = $\frac{470+560+600}{7}$
  = Rs. 232. 85 करोड़ रुपये

**58. [b]**

**व्याख्या :-**

r → 50%

क्षे. → r2 = r × r

= - 50 - 50 + $\frac{50\times50}{100}$ = -75 $\Rightarrow$ कमी% = 75%

**59. [a]**

**व्याख्या :-**

1 चक्कर = परिधि = $2\pi r$

माना पहिये द्वारा लगाए गये चक्करों की संख्या x

$= 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{175}{100} \times x = 11000$

$X = \frac{11000}{11} = 1000$ चक्कर

**60. [b]**

**व्याख्या :-**

y अक्ष पर किसी बिन्दु के निर्देशांक = (0, y)

(0, y) व (4, 2) के बीच की दूरी = 5

$\Rightarrow \sqrt{(4-0)^2 + (2-y)^2} = 5$

⇒ 16 + (2 – y)2 = 52

⇒ 16 + 4 – 4y + y2 = 25

⇒ y2 – 4y – 5 = 0

⇒ y2 – 5y + y – 5 = 0

⇒ y(y – 5) + 1 (y – 5) = 0

⇒ (y + 1) (y – 5) = 0

⇒ y = –1 and y = 5 ⇒ (0, –1)

**61. [c]**

**व्याख्या :-**

– log7 log7 $\sqrt{7\sqrt{7\sqrt{7}}}$

$\Rightarrow \log_7 \log_7 \left(7^{1/2} \times 7^{1/4} \times 7^{1/8}\right)$

$\Rightarrow \log_7 \log_7 7^{\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{4}+\frac{1}{8}\right)}$

$\Rightarrow \log_7 \log_7 \left(7^{\frac{(4+2+1)}{8}}\right) \Rightarrow \log_7 \log_7 \left(7^{\frac{7}{8}}\right)$

घात नियम से

$\Rightarrow \log_7 (7/8) \log_7 7$


$\Rightarrow \log_7 (7/8) \times 1 = \log_7 (7/8) = \log_7 7 - \log_7 8$

$\Rightarrow 1 - \log_7 8 = 1 - \log_7 2^3$

$\Rightarrow 1 - 3\log_7 2$

**62. [b]**

**व्याख्या :-**




– ΔBCE **में**, BC = CE

$\therefore \angle CBE = \angle CEB = 84°$

$\angle BEC = 180° - 2 \times 84° = 12°$

$\angle DCB = 180° - 78° = 102°$

$\therefore \angle DCE = 102° + 12° = 114°$

$\because$ DC = CE

$\therefore \angle DEC = \angle CDE = \frac{1}{2}(180 - 114°) = 33°$

**63. [a]**

**व्याख्या :-**

⇒द्विघात समीकरण के लिए :

⇒ x2 – (मूलों का योग) x + मूलों का गुणनफल = 0

⇒ x2 – (1) x + (-20) = 0

⇒ x2 – x – 20 = 0

**64. [b]**

**व्याख्या :-**

⇒3(x + y) - 4 (x + y) + 7 (x + y)

⇒ (x + y) (3 - 4 + 7)

⇒ 6 (x + y)

**65. [a]**

**व्याख्या :-**

₹1 50P 25P

$\frac{13}{1} : \frac{\frac{11}{50}}{100} : \frac{\frac{7}{25}}{100}$

संख्या 13 : 22 : 28 = 63

$50P = \frac{378}{63} \times 22 = 132$

**66. [a]**

**व्याख्या :-**

= साधारण ब्याज = $\frac{\text{मूलधन} \times \text{समय} \times \text{दर}}{100}$

$= \frac{4000 \times 5 \times 15}{100} = 200 \times 15 =$ ₹3000

**67. [d]**

**व्याख्या :-**

3 वर्ष के साधारण ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज के लिए

अंतर = मूलधन $\left(\frac{\text{दर}}{100}\right)^2 \left(3 + \frac{\text{दर}}{100}\right)$

⇒15.50 = मूलधन $\left(\frac{10}{100}\right)^2 \left[3 + \frac{10}{100}\right]$

$\Rightarrow \frac{1550}{100}$ = मूलधन × $\frac{1}{100} \times \frac{31}{10}$

मूलधन = 500 रुपये

**68. [a]**

**व्याख्या :-**

लम्बाई : चौड़ाई = 4 : 3

2 (लम्बाई + चौड़ाई) = 70 मीटर

लम्बाई + चौड़ाई = 35

लम्बाई = $\frac{35}{7} \times 4$ = 20 मीटर

**69. [b]**


**व्याख्या :-**

– Pqrs/pqrs/pqrs/pqrs

अतः विकल्प (b) qprqsps सही होगा।

**70. [b]**

**व्याख्या :-**




– अतः आरेख से स्पष्ट है कि विजय प्रारंभिक बिंदु से **9** किमी. दूर है।

**71. [b]**

**व्याख्या :-**

– जिस प्रकार,

$(4 + 0) + (2 + 4) \Rightarrow 4 + 6 = 10$

$(3 + 7) + (9 + 7) \Rightarrow 10 + 16 = 26$

– उसी प्रकार,

$(4 + 1) + (6 + 5) \Rightarrow 5 + 11 = 16$

**72. [d]**

**व्याख्या :-**

– गोदावरी नदी बंगाल की खाड़ी में जाकर मिलती है जबकि अन्य दिए गए विकल्पों में दी गई नदियाँ अरब सागर में जाकर मिलती हैं।

**73. [c]**

**व्याख्या :-**

– उत्तर आकृति विकल्प (c) में दी गई आकृति प्रश्न आकृति को पूरा करेगी।

**74. [c]**

**व्याख्या :-**

– $81 + 3 \times 6 \div 15 + 3$


– प्रश्न के अनुसार चिह्न बदलने पर –

$81 \div 3 - 6 \times 15 \div 3, 27 - 6 \times 5$

$\Rightarrow 27 - 30 = -3$

**75. [a]**

**व्याख्या :-**





I. ✗

II. ✗

अतः कोई अनुसरण नहीं करता है।

**76. [a]**

**व्याख्या :-**




I. ✗

II. ✗

अतः कोई अनुसरण नहीं करता है।

**77. [b]**

**व्याख्या :-**

– मेवाड़ महाराणा संग्राम सिंह द्वितीय ने 17 जुलाई, 1734 को भीलवाड़ा के हुरड़ा नामक स्थान पर सम्मेलन की योजना बनाई।

– इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य मराठा शक्ति के विरुद्ध राजपूताना के राजाओं को एकत्र करना था।

– जनवरी, 1734 को सम्मेलन से पहले ही संग्राम सिंह- द्वितीय की मृत्यु हो गई थी।

– इस सम्मेलन की अध्यक्षता संग्राम सिंह द्वितीय के पुत्र जगत सिंह द्वितीय ने की लेकिन यह सम्मेलन असफल रहा।

**78. [b]**

**व्याख्या :-**

– जोधपुर के निकट ओसियाँ में मंदिरों का निर्माण प्रतिहार शासकों द्वारा करवाया गया।

**79. [b]**

**व्याख्या :-**

– अलवर की बानसूर तहसील के नीमूचणा में 13 मई, 1925 को किसानों की सभा पर कमाण्डर छज्जूसिंह ने गोली चलवाई जिसमें 50 किसान शहीद हो गए व 1600 किसान घायल हो गए।

**80. [b]**

**व्याख्या :-**

– राठौड़ शासक मालदेव को 52 युद्धों का नायक और 58 परगनों का स्वामी रूप में प्रतिष्ठित माना गया।

**81. [c]**

**व्याख्या :-**

– सितंबर, 1942 में जेण्टलमेन्स एग्रीमेंट जयपुर प्रजामण्डल के प्रमुख हीरालाल शास्त्री व जयपुर के प्रधानमंत्री सर मिर्जा इस्माइल के बीच हुआ जिसके तहत जयपुर रियासत भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग नहीं लेगी, ऐसा निर्णय हुआ था।

**82. [b]**

**व्याख्या :-**

– कनिंघम ने यू ची जाति का वंशज मानते हुए कुषाण जाति से राजपूतों का संबंध जोड़ा है, जबकि भण्डारकर ने ब्राह्मणों से बताया है।

**83. [c]**

**व्याख्या :-**

– बाणमाता मेवाड़ के गुहिल एवं सिसोदिया राजवंश की कुलदेवी मानी जाती है। बाणमाता का मुख्य मंदिर नागदा (उदयपुर) में है।

**84. [b]**

**व्याख्या :-**

- संत हमीमुद्दीन नागौरी ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के शिष्य थे।
- ख्वाजा साहब ने ही संत हमीमुद्दीन को 'सुल्तान-ए-तारिकीन' की उपाधि से नवाजा था।

**85. [c]**

**व्याख्या :-**

- गैब/गैप सागर झील डूँगरपुर में स्थित है।
- इसके किनारे सर्वान्त महल, बादल विलास महल, उदय विलास महल स्थित है।
- काली बाई का स्मारक भी इसी झील के किनारे बना है।

**86. [d]**

**व्याख्या :-**

- अंगरखी - पुरुषों द्वारा कमर से ऊपर पहना जाने वाला वस्त्र है, जिसमें जेवड़े लगे होते हैं।
- इस वस्त्र का सर्वाधिक प्रचलन गुर्जर जाति के पुरुषों में है।
- इसकी तुलना 'कश्मीरी फिरन' से की जाती है।
- ब्रिचेस - चूड़ीदार पायजामा को कहते हैं।
- आतमसुख /पछेवड़ा पुरुषों के ओढ़ने का मोटा वस्त्र होता है।
- चोगा-जामा के ऊपर पहना गया बिना बाँहों का काला वस्त्र।
- सहरिया जनजाति में अंगरखी को सलूका कहते हैं।

**87. [d]**

**व्याख्या :-**

- पंजीरी- धनिये को पीसकर उसमें बूरे (पीसी हुई चीनी) को मिलाकर बनाया हुआ स्वादिष्ट मिश्रण।
- इसे 'कृष्ण जन्माष्टमी' के पर्व पर प्रसाद के रूप में बाँटा जाता है।

**88. [b]**

**व्याख्या :-**

- 'तालबंदी गायकी' राजस्थान के पूर्वी अंचल (भरतपुर, धौलपुर, करौली एवं सवाईमाधोपुर) में लोक गायन की शास्त्रीय परम्परा है।
- इसके राग-रागिनियों से निबद्ध प्राचीन कवियों की पदावलियाँ सामूहिक रूप से गाई जाती हैं।

**89. [a]**

**व्याख्या :-**

- मानखा रो मेला (भाखर क्षेत्र, सिरोही) गरासिया समुदाय का सबसे बड़ा मेला है।
- गरासिया जनजाति में प्रेम विवाह का सर्वाधिक प्रचलन है।

**90. [d]**

**व्याख्या :-**

- अकबर के विरुद्ध चित्तौड़गढ़ आक्रमण (1567-68 ई.) के समय लोकदवेता कल्लाजी राठौड़ युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए।
- लोकदेवता कल्लाजी की प्रधान पीठ रुणेला/रनेला (उदयपुर) में स्थित है।

**91. [c]**

**व्याख्या :-**

- गौड़ीय सम्प्रदाय के प्रवर्तक स्वामी माध्वाचार्य जी थे।
- राजस्थान में इस सम्प्रदाय की प्रधानपीठ गोविन्ददेव जी मंदिर (जयपुर) है।
- गौड़ीय सम्प्रदाय का अन्य प्रसिद्ध मंदिर करौली में मदनमोहन जी का मंदिर है।

**92. [d]**

**व्याख्या :-**

- रावराजा उम्मेद सिंह के शासनकाल में शिकार का चित्रण कोटा चित्रशैली का प्रतीक बना।
- बूँदी चित्रशैली, पशु-पक्षियों की शैली कहलाती है।

**93. [c]**

**व्याख्या :-**

- राज्य में रंगाई-छपाई व बन्धेज का कार्य नीलगरों या रंगरेजों द्वारा किया जाता है।
- राज्य में जयपुर और जोधपुर के लहरिया व मोण्डे प्रसिद्ध हैं।
- जयपुर का भी लहरिया व पोमचा प्रसिद्ध हैं।

**94. [b]**

**व्याख्या :-**

- राजस्थानी बोलियों का प्रथम वर्णनात्मक दिग्दर्शन वर्ष 1907-08 में सर जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन नामक विद्वान ने अपने ग्रंथ "लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया' (Linguistic Survey of India) में किया।

**95. [c]**

**व्याख्या :-**

- (1) अजमेर - त्रिभुजाकार
  (2) टोंक - पतंगाकार
  (3) दौसा – धनुषाकार
  (4) चित्तौड़गढ़ - घोड़े की नाल के समान

**96. [d]**

**व्याख्या :-**

- उत्तरी अरावली की सर्वोच्च चोटी रघुनाथगढ़ (सीकर) है जिसकी ऊँचाई 1055 मीटर है।
- उत्तरी अरावली की अन्य चोटियाँ-
  (1) खोह (जयपुर)
  (2) भरौच (अलवर)
  (3) बरवाड़ा (जयपुर)
  (4) बवाई (झुंझुनूँ)

**97. [c]**

**व्याख्या :-**

- कर्क रेखा राजस्थान में डूँगरपुर जिले की दक्षिणी की सीमा को छूती हुई बाँसवाड़ा के लगभग मध्य से गुजरती है।
- कर्क रेखा के दक्षिण में राजस्थान की एकमात्र तहसील कुशलगढ़ (बाँसवाड़ा) स्थित है।
- राजस्थान में कर्क रेखा की लम्बाई 26 कि.मी. है।

**98. [b]**

**व्याख्या :-**

– वराह, लसावरी, रूपनारायण सभी रूपारेल नदी के अन्य नाम है जिसका उद्गम उदयनाथ की पहाड़ियाँ (अलवर) से होता है।
– रूपारेल नदी पर भरतपुर में मोतीझील बाँध बना हुआ है।
– इस नदी की कुल लम्बाई 104 कि.मी. है।
– यह नदी बयाना दुर्ग भरतपुर के निकट लुप्त हो जाती है।

**99. [c]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान में अधिकांश वर्षा जून से सितम्बर तक होती है।
– राजस्थान में औसत वार्षिक वर्षा 57.51 सेमी. होती है।
– राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा वाला जिला झालावाड़ व सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान माउण्ट आबू (सिरोही) है।

**100. [b]**

**व्याख्या :-**

| **झील** | **संबंधित जिला** |
|---|---|
| 1. जैतसागर | – बूँदी |
| 2. राम सागर तालाबशाही | – धौलपुर |
| 3. तेजसागर | – प्रतापगढ़ |
| 4. गजरूप सागर, मूलसागर, गड़सीसर | – जैसलमेर |

**101. [d]**

**व्याख्या :-**

– रेह/ऊसर/कल्लर/चॉपेन/लवणीय क्षारीय मृदा के अन्य नाम हैं।
– इस मृदा का निर्माण मृदा में लवणीय पदार्थों की अधिकता के कारण होता है।
– इस मृदा का विस्तार खारे पानी की झीलों के आस-पास जैसे – फलौदी, सांभर, नागौर, बीकानेर आदि स्थानों पर पाई जाती है।
– यह मृदा सर्वाधिक अनुपजाऊ मृदा है।

**102. [d]**

**व्याख्या :-**

– वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि दर श्रीगंगानगर (10%) जिले की रही तथा सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर बाड़मेर (32.5) जिले की रही।

**103. [d]**

**व्याख्या :-**

– जनगणना-2011 के अनुसार क्रमश: भारत एवम् राजस्थान की नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 31.15% एवम् 24.87% है।
– जनगणना-2011 के अनुसार क्रमश: भारत एवम् राजस्थान की ग्रामीण जनसंख्या का 68.8% एवम् 75.1% है।

**104. [d]**

**व्याख्या :-**

– 'बेणेश्वर धाम' सोम, माही, जाखम नदियों के संगम पर स्थित है।

**105. [d]**

**व्याख्या :-**

– बूँदी दक्षिणी-पूर्वी पठारी भाग में स्थित है।

**106. [b]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान के पश्चिमी भाग में लगभग 61.11% पर मरुस्थल है।
– इस मरुस्थल के भाग में इर्ग मरुस्थल (रेतीला) तथा हम्मादा (चट्टानी मरुस्थल) है।

**107. [d]**

**व्याख्या :-**

– गोगुंदा (उदयपुर) से कुम्भलगढ़ (राजसमंद) के मध्य ऊँचा पठार भोराठ का पठार कहलाता है।

**108. [c]**

**व्याख्या :-**

– भू-मध्य सागर से उत्पन्न पश्चिमी विक्षोभ जेट प्रवाह के माध्यम से भारत तक पहुँचता है तथा पश्चिमोत्तर भारत व राजस्थान में सर्दी की ऋतु में वर्षा करते हैं जिसे मावठ कहा जाता है। मावठ की वर्षा गेहूँ एवं अन्य शीतकालीन फसलों के लिए वरदान होती है। इसे गेहूँ की फसल के लिये गोल्डन ड्रॉप्स कहा जाता है।

**109. [d]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान सरकार द्वारा फरवरी, 2010 को अपनी पहली राज्य वन नीति घोषित की थी। साथ ही राजस्थान वन एवं पर्यावरण नीति घोषित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया था।

**110. [b]**

**व्याख्या :-**

– भारत का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान 'जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान' है जो उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है।
– भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान 'हेमीस राष्ट्रीय उद्यान' लद्दाख में स्थित है।

**111. [c]**

**व्याख्या :-**

– नीति तथा माना दोनों ही उत्तराखंड राज्य में स्थित हैं।

**112. [a]**

**व्याख्या :-**

– बनिहाल दर्रे पीरपंजाल श्रेणी में स्थित हैं।
– नीति तथा माना दोनों ही उत्तराखंड राज्य में स्थित हैं।
– बारालाचला भी वृहद् हिमालय (हिमाचल प्रदेश) में स्थित हैं।

**113. [d]**

**व्याख्या :-**

– गोदावरी नदी द्वारा प्रायद्वीपीय भारत के सबसे बड़े नदी तंत्र का निर्माण किया जाता है। इस नदी का उद्गम महाराष्ट्र राज्य के नासिक जिले में है। यह अपना जल बंगाल की खाड़ी में उडेलती है।
– गोदावरी नदी की प्रमुख सहायक नदियों में निम्न नदियाँ सम्मिलित है – पेनगंगा, इन्द्रावती, प्राणहिता, मंजरा आदि प्रमुख है।
– इस नदी को दक्षिण की गंगा के उपनाम से जाना जाता है।

**114. [c]**

**व्याख्या :-**

- **क्षारीय मिट्टी** – इस मिट्टी को रेह, ऊसर या कल्लर नाम से भी जाना जाता है। इस मिट्टी का विकास वैसे क्षेत्रों में हुआ है, जहाँ जल निकासी की समुचित व्यवस्था का अभाव है।
- **लाल मिट्टी –** यह भारत की दूसरी प्रमुख प्रकार की मिट्टी है तथा इसका निर्माण ग्रेनाइट, नीस तथा शिष्ट जैसी रूपांतरित चट्टानों के विखंडन से हुआ है।
- **लैटेराइट मिट्टी –** लैटेराइट एक लैटिन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ ईंट होता है। लैटेराइट मृदाएँ उच्च तापमान और भारी वर्षा के क्षेत्रों में विकसित होती है।
- **जलोढ़ मिट्टी** – इस मिट्टी का निर्माण नदियों द्वारा लाए गए तलछट के निक्षेपण से हुआ है। यह एक अक्षेत्रीय मिट्टी है तथा इस मिट्टी में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं ह्यूमस की कमी होती है, परंतु पौटाश एवं चूने का अंश पर्याप्त होता है। यह मिट्टी मुख्यत: उत्तर प्रदेश, प. बंगाल, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि क्षेत्रों में पाई जाती है।

**115. [a]**

**व्याख्या :-**

- राजस्थान में सूचना आयोग का गठन 13 अप्रैल, 2006 को किया गया।
- 18 अप्रैल, 2006 को एम.डी. कौरानी को प्रथम सूचना आयुक्त बनाया गया।
- राज्य सूचना आयोग का मुख्यालय जयपुर में हैं।

**116. [d]**

**व्याख्या :-**

- संसद द्वारा जनप्रतिनिधत्व अधिनियम-2003 पारित कर, 28 अगस्त, 2003 को, विधान परिषदों के लिए विधानसभा से चुने जाने वाले प्रतिनिधियों के लिए खुली मतदान व्यवस्था का प्रावधान किया है।
- इस संशोधन के माध्यम से राज्य विधान परिषद् का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को संबंधित राज्य का मतदाता होने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है।

**117. [c]**

**व्याख्या :-**

- राज्य मानवाधिकार आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन राज्य सरकार को प्रस्तुत करता है।
- मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत प्रत्येक राज्य में एक राज्य मानवाधिकार आयोग के गठन का प्रावधान किया गया था।
- राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष उच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या न्यायाधीश रह चुका व्यक्ति बन सकता है।
- राजस्थान ने 18 जनवरी, 1999 को एक अधिसूचना राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के गठन के संबंध में जारी की थी।

**118. [d]**

**व्याख्या :-**

- अनुच्छेद-243 द (R) - नगरपालिका की संरचना का उल्लेख है।
- अनुच्छेद-243 थ (Q) - नगरपालिकाओं का गठन।
- अनुच्छेद-243 न (T) - स्थानों का आरक्षण।
- अनुच्छेद-243 फ (U) - सदस्यता के लिए निरर्हताएँ।

**119. [c]**

**व्याख्या :-**

- स्थानीय स्वशासन से तात्पर्य वह व्यवस्था है, जिसमें स्थानीय इकाइयाँ जिनमें वहाँ के निर्वाचित व्यक्ति हो, द्वारा स्थानीय इकाइयों का प्रशासन हो।
- स्थानीय स्वशासन भारतीय अवधारणा/नवाचार है।
- लॉर्ड रिपन को भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक कहा जाता है।
- राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहाँ पंचायती राज की स्थापना 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले के बगदरी गाँव में तात्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई तथा आंध्र प्रदेश पहला राज्य है जहाँ 11 अक्टूबर, 1959 को पहली बार पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव हुए।

**120. [a]**

**व्याख्या :-**

- अनुच्छेद – 207 :- इसके अन्तर्गत धन विधेयक और अनुदान की माँगों को सिफारिश करने की शक्ति भी राज्यपाल को है।
- विधानमंडल में राज्यपाल की पूर्वानुमति के बिना कोई वित्त विधेयक पेश नहीं किया जा सकता है।
- अनुच्छेद-161:- क्षमा आदि की और कुछ मामलों में दण्डादेश के निलम्बन, परिहार या लघुकरण की राज्यपाल की शक्ति।
- अनुच्छेद-202 :- वार्षिक वित्तीय विवरण।
- अनुच्छेद-208 :- प्रक्रिया के नियम।
- राज्यपाल, विधान परिषद् वाले राज्य में विधान सभा के अध्यक्ष और विधान परिषद् के सभापति से परामर्श करने के पश्चात् दोनों सदनों में परस्पर संचार से सम्बन्धित प्रक्रिया के नियम बना सकता है।

**121. [c]**

**व्याख्या :-**

- कार्यकाल के दौरान उनकी आर्थिक उपलब्धियों व भत्तों को संसद के द्वारा कम नहीं किया जा सकता है।
- राज्यपाल संसद या राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं होना चाहिए।
- कार्यकाल के दौरान उनकी आर्थिक उपलब्धियों व भत्तों को संसद के द्वारा कम किया जा सकता है।
- राज्यपाल अपने कार्यकाल के दौरान अन्य किसी प्रकार का पद धारण नहीं कर सकता।

**122. [c]**

**व्याख्या :-**

- RTI Act-2005 के अन्तर्गत जीवन या स्वतंत्रता से सम्बन्धित सूचना 48 घण्टे में उपलब्ध करवानी होती है।
- विश्व में सबसे पहले स्वीडन ने 1766 ई. में अपने नागरिकों को सूचना का अधिकार प्रदान किया था।

- भारत में मनमोहन सिंह सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 जिसे आंशिक रूप से 15 जून, 2005 को लागू किया गया तथा यह अधिनियम 12 अक्टूबर, 2005 को पूर्णतया लागू हुआ।

**123. [a]**

**व्याख्या :-**

- इसी अधिनियम की धारा 3 के आधार पर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर 15 मई, 1999 को राजस्थान राज्य महिला आयोग का गठन किया गया। राज्य में महिला दिवस के मौके पर 8 मार्च, 2000 को राज्य महिला नीति भी घोषित की गई।

**124. [b]**

**व्याख्या :-**

- भारतीय संविधान की प्रस्तावना में तीन प्रकार की न्याय की व्यवस्था की गई है- सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक।
- संविधान के 'भाग-iv' के अनुच्छेद-38 राज्य लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव प्रभावी ढंग से एक सामाजिक व्यवस्था को सुरक्षित और संरक्षित करने का प्रयास करेगा जिसमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय राष्ट्रीय जीवन की सभी संस्थाओं को प्रभावित करेगा।

**125. [c]**

**व्याख्या :-**

- यह भारत सरकार के खर्चों की लेखा परीक्षा करने वाली समिति है। लोक लेखा समिति में 22 सदस्य हैं, जिनमें से 7 राज्यसभा तथा लोकसभा 15 से हैं। यह सभी पक्षों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करती है क्योंकि लोक लेखा समिति के सदस्यों का चुनाव एकल संक्रमणीय मत प्रणाली द्वारा 1 वर्ष के लिए किया जाता है तथा लोक लेखा समिति का अध्यक्ष विपक्षी पार्टी का सदस्य होता है।
- लोक लेखा समिति का कार्य नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के सामान्य प्रतिवेदन की समीक्षा करना है।
- लोक लेखा समिति कोई भी मंत्री का सदस्य नहीं होता है।

**126. [c]**

**व्याख्या :-**

- यदि भारत की अथवा किसी भाग की सुरक्षा को युद्ध अथवा बाह्य आक्रमण अथवा सशस्त्र विद्रोह के कारण खतरा उत्पन्न हो गया है तो अनुच्छेद-352 के तहत राष्ट्रपति, राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकता है।
- संविधान के अनुच्छेद-352 में उल्लेखित है कि राष्ट्रीय आपातकाल लग जाने पर एक माह के भीतर संसद का अनुमोदन लेना होगा।
- एक बार अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर छह माह तक जारी रहता है। अर्थात् अन्नत समय तक लगाया जा सकता है। प्रत्येक छह माह में संसद से अनुमोदन लेना होता है।
- अनुच्छेद-352 के आधार पर राष्ट्रपति तब तक राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा नहीं कर सकता जब तक संघ का ‘मंत्रिमण्डल’ लिखित रूप में न दे।
- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम वर्ष 1976 में राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान पाँचवीं लोकसभा के कार्यकाल (1971-1977) को 1 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया था।

**127. [c]**

**व्याख्या :-**

- राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जयपुर) की स्थापना 4 दिसम्बर, 2015 को की गई, जिसका कार्य सस्ती दरों पर लघु, मध्यम व दीर्घकालीन विद्युत उपलब्धता को सुनिश्चित करना।

**128. [a]**

**व्याख्या :-**

- राजस्थान राष्ट्रीय केमिकल एण्ड फर्टिलाइजर्स चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन में स्थापित किया गया है ।

**129. [b]**

**व्याख्या :-**

- राजस्थान में औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा जिला जालोर है।
- राज्य में सर्वाधिक औद्योगिक इकाइयों वाले जिले-
  1. जयपुर 2. अलवर
- राज्य में सबसे कम औद्योगिक इकाइयों वाला जिला – हनुमानगढ़

**130. [c]**

**व्याख्या :-**

- राज्य में MSME अधिनियम 17 जुलाई, 2019 से प्रारम्भ हुआ।
- इसका प्रसार संपूर्ण राजस्थान राज्य में है।
- भारत के संविधान के अनुच्छेद- 213 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल द्वारा यह अध्यादेश जारी किया गया।

**131. [a]**

**व्याख्या :-**

- राजस्थान में यह योजना 193 निकायों में लागू है। दिसम्बर, 2019 तक 17.12 करोड़ रु. वितरित किए गए हैं।
- दीनदयाल अन्त्योदय योजना–(NULM) (राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन) स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना का पुनर्गठित रूपांतरित रूप है।

**132. [c]**

**व्याख्या :-**

- राजस्थान में सर्वाधिक गेहूँ श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ में पैदा होता है।
- राजस्थान में गेहूँ की किस्में कल्याण सोना, कोहिनूर व सोनालिका है।
- शीतकालीन वर्षा ‘मावठ’ इस फसल के लिए लाभदायक होती है।

**133. [b]**

**व्याख्या :-**

- हरी अग्नि/ग्रीन फायर पन्ना को कहा जाता है।
- लौह सल्फाइड (फेरस सल्फाइड) के कारण इसका रंग हरा होता है।
- एशिया की सबसे बड़ी पन्ना मण्डी जयपुर में है।

**134. [a]**

**व्याख्या :-**

– राज्य में 5 बायोफ्यूल संयंत्र स्थापित किए गए हैं जिनमें प्रतिदिन लगभग एक लाख लीटर बायोडीजल का उत्पादन किया जा रहा है।

– राज्य के जयपुर, भीलवाड़ा एवम् सिरोही जिलों में 'बायोफ्यूल संयंत्र' स्थापित किया गया है।

– राजस्थान भारत सरकार की राष्ट्रीय बायोफ्यूल नीति (जैव ईंधन नीति)-2018 को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

**135. [c]**

**व्याख्या :-**

– सरसों, राई, तारामीरा, तिल, मूँगफली, अरण्डी, सोयाबीन, होहोबा राजस्थान में उत्पन्न होने वाली प्रमुख तिलहन फसलें हैं।

**136. [a]**

**व्याख्या :-**

– लाइमस्टोन अर्थात् चूना पत्थर, यह सीमेंट ग्रेड का, स्टील ग्रेड, केमिकल ग्रेड में पाया जाता है।

**137. [a]**

**व्याख्या :-**

– भारतीय वायु सेना (IAF) द्वारा पोखरण (जैसलमेर) में उच्च प्रबलता वाले अभियानों के लिये अपनी क्षमताओं व तैयारियों का परीक्षण करने के लिये 10 दिवसीय (1-10 अप्रैल, 2024) अभ्यास गगन शक्ति-2024 (Gagan Shakti-2024) का आयोजन किया गया।

**138. [c]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान पुलिस और सीबीएस साइबर फाउंडेशन के बीच एमओयू किया गया। राजस्थान पुलिस प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम और साइबर क्राइम के नए-नए तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सीबीएस साइबर फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्य करेगी।

**139. [a]**

**व्याख्या :-**

– राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए आओ बूथ चले अभियान चलाया गया। इसके तहत मतदान केन्द्रों पर मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा।

**140. [a]**

**व्याख्या :-**

– ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरुष वर्ग) चैंपियनशिप 2023-24 में श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी (झुंझुनूं) ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर को रोमांचक फाइनल मुकाबले में सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती। यह खिताब जीतने वाली राज्य की पहली यूनिर्वसिटी बनी।

**141. [d]**

**व्याख्या :-**

– गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा-वाउचर) योजना लागू की गई है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसे बारां, भरतपुर और फलोदी में लागू किया गया है।

**142. [a]**

**व्याख्या :-**

– विशेष योग्यजन निदेशालय के अधीन विशेष विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्कूट एट होम हेल्पलाईन लॉन्च की गई। यह हैल्पलाइन 'हैल्पिंग हैण्ड इण्डिया' NGO की सहायता से शुरू की गई है। इस NGO द्वारा विशेष योग्यजन बच्चों को नियमित निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। स्कूल एट होम कार्यक्रम एक समावेशी शैक्षिक पहल है, जो स्कूली शिक्षा को सीधे दिव्यांगजन बच्चों और वंचित छात्रों के घरों तक बिना इन्टरनेट और बिना स्मार्ट फोन के पहुँचाता है।

**143. [d]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय (उदयपुर) को सत्र 2021- 22 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में कुलाधिपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**144. [a]**

**व्याख्या :-**

– 15 मार्च, 2024 को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने प्रदेश के बांधों और नहरों के जलस्तर की रियल टाइम जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'राज्य जल संसाधन प्रणाली डैशबोर्ड' लॉन्च किया है। राजस्थान यह पोर्टल लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य है।

**145. [c]**

**व्याख्या :-**

- मणिपुर कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी राकेश रंजन को कर्मचारी चयन आयोग (SSC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**146. [b]**

**व्याख्या :-**

- हाल ही में 30 मई, 2024 को भारतीय राज्य गोवा ने अपना 37वाँ स्थापना दिवस मनाया है। 30 मई, 1987 को गोवा एक केंद्र शासित प्रदेश से हटाकर भारत संघ का 25वाँ राज्य बनाया गया था।

**147. [c]**

**व्याख्या :-**

– ताइवान एथलेटिक्स ओपन- 2024 में भारतीय एथलेटिक्स दल ने कुल 7 पदक जीते, जिसमें 3 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल है।

– डी.पी. मनु ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

– केरल की नयना जेम्स ने महिलाओं की लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता।

- अंकेश चौधरी ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।
- सोमनाथ चौहान ने पुरुषों की 800 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- देव मीना ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में 5.10 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता।
- नित्या रामराज ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता।
- वी.के. विस्मया ने महिलाओं की 400 मीटर में कांस्य पदक जीता।

**148. [a]**

**व्याख्या :-**

- भारत-उज्बेकिस्तान के मध्य संयुक्त सैन्याभ्यास डस्टलिक के 5वें संस्करण का आयोजन 15 से 28 अप्रैल, 2024 तक उज़्बेकिस्तान गणराज्य के टर्मेज़ में किया गया। यह अभ्यास एक वार्षिक कार्यक्रम है जो भारत और उज्बेकिस्तान में बारी-बारी आयोजित किया जाता है।
- इसका चौथा संस्करण फरवरी, 2023 में पिथौरागढ़ (भारत) में आयोजित किया गया था।

**149. [d]**

**व्याख्या :-**


- प्रति वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।
- विश्व तंबाकू निषेध दिवस- 2024 की थीम – 'प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रन फ्रॉम टोबैको इंडस्ट्री इंटरफेरेंस'

**150. [b]**

**व्याख्या :-**

- पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने फ्रेंच ओपन- 2024 में महिला एकल का ख़िताब जीता है।
- फ्रेंच ओपन का 123वाँ संस्करण, जिसे रोलैंड गैरोस के नाम से भी जाना जाता है, 26 मई से 9 जून, 2024 तक पेरिस (फ्रांस) के स्टेड रोलैंड गैरोस में आयोजित किया गया था।
- स्पेन के कार्लोस अलकराज ने फ्रेंच ओपन- 2024 में पुरुष एकल का ख़िताब जीता है।

♦♦♦♦




Scan to Download
**Lakshya App** Now

Google play

# मुश्किल परीक्षाएं भी आसान लगेगी

## जब करेंगे लक्ष्य एप के संग तैयारी

### मौका है, अपनी तैयारी को सिलेक्शन वाली तैयारी बनाने का

# LIVE FROM CLASSROOM

## ONLINE/OFFLINE COURSE

- Test Series
- Recorded Courses
- Downloadable Classes
- Free Quizzes
- Video & Audio Lecture
- Previous Year Paper
- Free Current Affair
- Doubt Solving Session

- RAS Pre
- SI दोनों प्रश्न पत्रों की सम्पूर्ण तैयारी
- स्कूल व्याख्याता I Grade Ist Paper/2nd Paper
- शिक्षक II Grade Ist Paper/2nd Paper
- शिक्षक मुख्य परीक्षा
- REET LEVEL पात्रता परीक्षा I & II
- LAB ASSISTANT
- BSTC PTET
- संगणक
- पशु परिचर
- FORESTER
- CONSTABLE
- BANKING ASSISTANT
- पटवार
- LDC
- CET 2024
- WOMAN SUPERVISOR



INSTAGRAM

FACEBOOK

YOUTUBE

TELEGRAM

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

# लक्ष्य क्लासेज™

Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)

M. 6376957258, 6376491126